

दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 154 | ग्वालियर गुरुवार, 23 मार्च 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## एक नजर

### जब तक आर्टिकल 370 बहाल नहीं होता...' महबूबा मुफ्ती ने विधानसभा चुनाव लड़ने को लेकर कहा

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) चीफ और जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने आर्टिकल 370 को लेकर एक बड़ा बयान दिया है. जिसमें उन्होंने कहा है कि जब तक राज्य में आर्टिकल 370 फिर से बहाल नहीं हो जाता वो विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी. उनका कहना है कि जब विधायक पद की शपथ ली थी तो उस वक्त राज्य में दो संविधान थे. समाचार एजेंसी पीटीआई के साथ हुई बातचीत में कहा, बेशक मैं विधानसभा चुनाव तब तक नहीं लड़ने वाली जब तक आर्टिकल 370 फिर से बहाल नहीं हो जाता है. क्योंकि ये मेरे लिए भावुक मुद्दा है. जब विधानसभा में विधायक पद की शपथ हो तो दो संविधान हों एक जम्मू-कश्मीर का और दूसरा भारत का. एक ही समय पर दो झंडे हों. हो सकता है कि मेरी तरफ से ये मूर्खताभरा फैसला हो, लेकिन ये मेरे लिए भावुक मुद्दा है. ये विधानसभा को लेकर है संसदीय चुनाव के बारे में मैं नहीं जानती. वहीं, इससे पहले महबूबा मुफ्ती ने राज्य में चुनावों लेकर बयान देते हुए कहा था कि वो चुनाव पर कुछ कैसे कह सकती हैं क्योंकि ये फैसला तो बीजेपी को लेना है न कि चुनाव आयोग को. चुनाव आयोग ने तो पहले ही कहा था कि वो जम्मू-कश्मीर में चुनाव के लिए तैयार हैं लेकिन वो ये चुनाव तभी कराएंगे जब स्थिति बीजेपी के अनुकूल हो जाएगी. वहीं, महबूबा मुफ्ती ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के नजदीक शारदा देवी मंदिर खोले जाने का स्वागत किया. पीडीपी चीफ ने संवाददाताओं से कहा, ''यह बहुत ही अच्छा है. हम हमेशा से कहते आए हैं कि संबंधों को बनाए रखने, लचीला रुख रखने और विवादों का समाधान करने की जरूरत है. शारदा देवी मंदिर को खोलना अच्छी बात है. कश्मीरी पंडित भी इस मंदिर को दोबारा खुलवाना चाहते थे.''

### खालिस्तान समर्थकों का लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** तीन दिन पहले खालिस्तान के समर्थकों ने लंदन में भारतीय उच्चायोग पर हमला कर दिया था. इसके बाद फिर से खालिस्तानी समर्थकों ने उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन किया. हालांकि पिछली बार की स्थिति को भांपते हुए उच्चायोग की सुरक्षा को बढ़ा दिया गया और बैरिकेड्स लगा दिए. इन्हीं बैरिकेड्स के सामने खड़े होकर हाथों में खालिस्तान का झंडा लेकर प्रदर्शन किया गया. एनडीटीवी के मुताबिक, मौके पर बैरिकेड्स और पुलिस कर्मियों की संख्या को बढ़ा दिया गया है. मध्य लंदन में इंडिया प्लेस के नाम से जानी जाने वाली इमारत के बाहर पुलिस अधिकारियों, संपर्क अधिकारियों और गश्त लगाने वाले अधिकारियों को ड्यूटी पर देखा गया. ये वही जगह है जहां रविवार की घटना के बाद खिड़कियों के बीच एक विशाल भारतीय झंडा लटका हुआ था. वहीं, दिल्ली में पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, यहां ब्रिटिश उच्चायोग के बाहर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद है. हालांकि, उच्चायोग की ओर जाने वाले मार्ग पर लगाए गए अवरोधक हटा दिए गए हैं, क्योंकि ये आने-जाने में परेशानी पैदा कर रहे थे. खालिस्तान समर्थकों के विरोध प्रदर्शन के दौरान लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग पर फहरा रहे तिरंगे को नीचे उतारने का एक वीडियो सामने आने की घटना सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद भारत ने रविवार रात ब्रिटिश उप उच्चायुक्त को तलब किया था और वहां सुरक्षा व्यवस्था बिल्कुल न होने पर पर स्पष्टीकरण मांगा था. शीर्ष ब्रिटिश अधिकारियों ने कहा है कि ब्रिटेन सरकार भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा को गंभीरता से लेगी. उन्होंने प्रदर्शनकारियों के एक समूह के अलगाववादी खालिस्तानी झंडे लहराते हुए भारतीय उच्चायोग में तोड़फोड़ करने की घटना को अपमानजनक और पूरी तरह से अस्वीकार्य करार देते हुए इसकी निंदा भी की थी. घटना से गुस्साए लंदन में भारतीयों ने भी एकत्रित होकर प्रदर्शन किया. इस दौरान बड़ी संख्या में भारतीय तिरंगा लेकर जुटे और एकजुटता का अहसास कराया. भारतीय नागरिक इंडियन हाई कमीशन के बाहर जुटे और 'भारत माता की जय' और 'जय हिंद' के नारे लगाए.

### सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने मद्रास हाई कोर्ट के लिए चार जजों के नाम की सिफारिश की



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने मद्रास हाई कोर्ट के लिए चार जिला जजों को प्रमोट करने की सिफारिश की है. केंद्र सरकार को भेजी अपनी सिफारिश में सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली कॉलेजियम ने कहा है कि इस फैसले को नहीं रोकें. कॉलेजियम में जस्टिस संजय किशन कौल और केएम जोसेफ शामिल हैं. कॉलेजियम ने आर शक्तिवेल, पी धनबल, चिन्नासामी कुमारप्पन और के राजशेखर के नामों की सिफारिश की है. 21 मार्च को भेजे गए प्रस्ताव में कहा गया है कि मद्रास हाई कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में चार जजों की नियुक्ति के लिए 10 अगस्त 2022 को उच्च न्यायालय कॉलेजियम द्वारा की गई सिफारिश पर मुख्यमंत्री और तमिलनाडु के राज्यपाल की सहमति है. एक अन्य प्रस्ताव में, कॉलेजियम ने पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता हरप्रीत सिंह बराड़ की नियुक्ति के लिए 25 जुलाई 2022 की अपनी पहले की सिफारिश को दोहराया है.

# कोविड 19 के बढ़ते मामलों के बीच पीएम मोदी की समीक्षा बैठक



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोविड-19 की स्थिति और जन स्वास्थ्य क्षेत्र की तैयारियों पर उच्च स्तरीय बैठक कर रहे हैं. बैठक में गृहमंत्री अमित शाह, उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया, स्वास्थ्य राज्यमंत्री भारती प्रवीन पवार, स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण, आईसीएमआर के राजीव बहल, नीति आयोग से वीके पॉल, गृह सचिव अजय भल्ला, पीएमओ के अधिकारीऔर अन्य मौजूद हैं. देश में पिछले कुछ दिनों से कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है. बुधवार की सुबह स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, 1134 नए मामलों की पुष्टि हुई है. इसके बाद एक्टिव मामलों की संख्या 7026 हो गई है.

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, देश में अब तक कोविड-19 के 4 करोड़ 46 लाख 98 हजार 118 मामले दर्ज किए जा चुके हैं. बीते दिन मंगलवार (21 मार्च) को दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात, छत्तीसगढ़ और दक्षिण राज्य केरल में कोरोना महामारी की वजह से एक-एक मरीज की मौत हुई. इसके बाद अब तक कोविड से मरने वालों की संख्या 5 लाख 30 हजार 813 पर पहुंच गई. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, डेली पॉजिटिव रेट इस समय 1.09 फीसदी तो वीकली पॉजिटिव रेट 0.98 प्रतिशत है. कोरोना से ठीक होने वालों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है. देश में अब रिकवरी रेट बढ़कर 98.79 फीसदी पहुंच गया है. जबकि मृत्यु दर 1.19 फीसदी पर बरकरार है. वहीं सक्रिय मामलों में कुल संक्रमणों का 0.01 प्रतिशत शामिल है. मंत्रालय की वेबसाइट पर मौजूद जानकारी के मुताबिक, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक करीब कोविड-19 रोधी टीकों की 220.65 करोड़ खुराक दी जा चुकी है. मंगलवार को देश में कोरोना के 699 नए मामले आए थे, जबकि इस दौरान 2 लोगों की मौत हुई थी. यानि मंगलवार के मुकाबले बुधवार को देश में कोरोना के 435 ज्यादा नए केस सामने आए हैं. स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, बीते 24 घंटे में 662 लोगों ने कोरोना को मात दी है. नए केस आने के बाद देश में कोरोना के एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 7026 हो गई है. इस तरह पिछले 24 घंटे में एक्टिव केस की संख्या में 466 की तेजी दर्ज की गई है.

## शिवपाल यादव की मौजूदगी में सपा कार्यकर्ताओं में मारपीट

**नई दिल्ली।** सपा के वरिष्ठ नेता शिवपाल यादव की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं ने मारपीट और बवाल कर दिया. इसकी शुरुआत समाजवादी पार्टी की पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा और उनकी बेटी के साथ धक्का-मुक्की से हुई. इस दौरान लीलावती कुशवाहा और उनकी बेटी को चोट आई है जिसके बाद लीलावती कुशवाहा अयोध्या जिला चिकित्सालय में भर्ती हैं. उन्होंने इस पूरे घटना क्रम को बड़ी साजिश बताया और कहा कि जिस तरह पहले उनके बेटे की हत्या हो चुकी है उसी तरह उनकी भी किसी दिन हत्या हो जाएगी. वह यह पहले ही बता देना चाहती हैं.

शिवपाल यादव लगभग 11.30 बजे अयोध्या पहुंचे. सपा कार्यकर्ताओं के स्वागत के बीच वह कटेहरी विधानसभा के पूर्व विधायक रहे जय शंकर पांडे के घर पहुंचे. जय शंकर



पांडे की पत्नी का हाल में ही देहांत हुआ है. उनके घर वालों से मिलने के बाद शिवपाल यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और सपा के एक दूसरे कार्यकर्ता के घर जाने के लिए निकले. शिवपाल यादव अभी जय शंकर पांडे के घर के सामने गाड़ी में बैठे ही थे कि सपा कार्यकर्ताओं में धक्का-मुक्की और बवाल शुरू हो गया. इसी बीच सपा की पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा और उनकी बेटी के साथ भी धक्का-मुक्की हुई जिसके बाद मारपीट शुरू हो गई. इस दौरान सपा की पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा के चेहरे पर और उनकी बेटी के हाथ में चोट आई है. इस पूरे मामले को लीलावती कुशवाहा बड़ी साजिश बता रही हैं और कह रही हैं कि जिस तरह पहले उनके बेटे की हत्या हुई थी उसी तरह किसी भी किसी दिन भी हत्या हो सकती है. लीलावती कुशवाहा ने कहा कि बिल्कुल साजिश है, मेरे बेटे की हत्या तो हो ही चुकी है हमारी भी हत्या लोग करा सकते हैं. साजिश के तहत ही ऐसा हुआ है. कभी भी हो सकता है. सिक्योरिटी हटा ली गई और मेरी भी हत्या हो सकती है. मैं आप लोगों से कह दे रही हूं.

## तमिलनाडु के कांचीपुरम में पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 6 लोगों की हुई मौत

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के कांचिपुरम जिले में एक पटाखा फैक्टी में आग लगने के बाद धमाका हुआ जिसमें 6 लोगों की मौत हो गई है. कांचीपुरम की कलेक्टर एम आरती के मुताबिक, पटाखा फैक्ट्री में धमाका जिले के कुरुविमलाई गांव में हुआ. इस घटना में कई लोग घायल भी हुए हैं जिन्हें अस्पताल ले जाया गया है. उनका कहना है, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है. स्पॉट क्लियर है. पुलिस इस पर और जांच करेगी. इसके बाद हमें और जानकारी मिलेगी. वहीं टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक, इस घटना में कम से कम 16 लोग घायल हुए हैं. पुलिस का कहना है कि इस फैक्ट्री के मालिक की पहचान नरेंद्रन नाम से हुई है और इसमें कम से कम 25 लोग काम करते थे. हालांकि अभी ये साफ नहीं हो पाया है कि इस फैक्ट्री का लाइसेंस था या नहीं. पुलिस का कहना है कि पटाखों में आग उस वक्त लग गई जब इन्हें बनाने के बाद धूप में बाहर सुखाने के लिए रखा गया था. इसके बाद आग इतनी तेजी से फैली कि फैक्ट्री के अंदर रखे पटाखे भी इसकी जद में आ गए और जोरदार धमाका हुआ. घटना सामने आने के बाद वहां पर स्थानीय लोग इकट्ठे हो गए और आग बुझाने वाले दल से संपर्क किया. करीब 30 मिनट तक 25 दमकलकर्मियों ने मशक्कत कर आग पर काबू पाया. उन्होंने गोदाम में फंसे मजदूरों को बचाया और कांचीपुरम सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया.

## भूकंप को लेकर हिमाचल सरकार अलर्ट, मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने विभाग को दिए ये सख्त निर्देश




**नई दिल्ली।** मंगलवार को देश के उत्तरी भाग में भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए. हिमाचल प्रदेश का भी एक बड़ा हिस्सा है, जो सिस्मिक जोन-5 में आता है. हिमाचल प्रदेश में अमूमन भूकंप का खतरा बना ही रहता है. ऐसे में जनता के साथ सरकार भी भूकंप को लेकर लगातार चिंतित रहती है. हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि वे इस बारे में पहले भी विभाग के साथ बैठक कर चुके हैं. इस बारे में बैठक के लिए विभाग को सख्त निर्देश दिए गए हैं. लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि प्रदेश भर में जो नए भवन बनाए जा रहे हैं, उन्हें भूकंपरोधी बनाया जाए. साथ ही भवन बनाने में एडवांस तकनीक का इस्तेमाल किया जाए, ताकि भूकंप के वक्त नुकसान को कम से कम किया जा सके. उन्होंने कहा कि विभाग के अधिकारियों को इस बारे में स्टडी करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आपातकालीन स्थिति में सरकार-प्रशासन पूरी तरह तैयार रहे. दुनियाभर के अलग-अलग इलाकों में हर साल छोटे-बड़े भूकंप आते रहते हैं. जानकार मानते हैं कि दुनिया भर में हर साल लगभग 20 हजार से ज्यादा बार भूकंप आते हैं. इनमें कुछ तो इतने मामूली होते हैं कि वे सिस्मोग्राफ पर दर्ज भी नहीं हो पाते. कुछ भूकंप इतने शक्तिशाली होते हैं कि भयंकर तबाही मचा देते हैं. भूकंप आने का कारण धरती के भीतर की उथल-पुथल बताई जाती है. एक तथ्य यह भी है कि ये भूकंप के झटके लाखों की संख्या में होते हैं, लेकिन ज्यादातर झटके हल्के होने के कारण उनका पता नहीं लग पता है. भूकंप को लेकर पूरे देश को पांच जोन में बांटा गया है. यह पांच जोन बताते हैं कि कौन से राज्य या इलाकों में भूकंप का सबसे ज्यादा खतरा है. इसमें पांचवें जोन को सबसे ज्यादा खतरनाक माना जाता है. जोन पांच में नुकसान की सबसे ज्यादा आशंका बनी रहती है. देश का करीब 11 फीसदी हिस्सा पांचवें जोन में आता है. हिमाचल प्रदेश सिस्मिक जोन पांच में शामिल है.

## मनीष सिसोदिया को 5 अप्रैल तक जेल

**नई दिल्ली।** आबकारी नीति मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री व आप नेता मनीष सिसोदिया की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं. ईडी ने पांच दिनों की रिमांड खत्म होने के बाद मनीष सिसोदिया को बुधवार (22 मार्च) को दिल्ली के राउज एवेन्यु कोर्ट में पेश किया. प्रवर्तन निदेशालय ने इस मामले में सिसोदिया से पूछताछ करने के लिए और रिमांड की मांग नहीं की. इसी के मद्देनजर, कोर्ट ने सिसोदिया को 5 अप्रैल तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया. साफ है कि सिसोदिया को आने वाले कुछ दिन और जेल में बिताने होंगे. बुधवार को राउज एवेन्यु कोर्ट में मनीष सिसोदिया ने जज एम. के. नागपाल से जेल में पढ़ने के लिए कुछ और किताबों की मांग की. इसके लिए उन्होंने बकायदा कोर्ट को एप्लीकेशन दी. जिस पर कोर्ट ने कहा है कि वो (मनीष सिसोदिया) जो किताब चाहते हैं उन्हें दी जाएंगी.



इससे पहले, 21 मार्च को दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने आबकारी नीति से संबंधित धनशोधन मामले में जमानत के लिए अदालत का रुख किया, जिस पर अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय से उसका रुख जानना चाहा. विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल ने ईडी को नोटिस जारी कर 25 मार्च तक जवाब देने का निर्देश दिया. अदालत ने 17 मार्च को आम आदमी पार्टी के नेता सिसोदिया की ईडी हिरासत पांच दिन बढ़ाकर 22 मार्च तक कर दी थी. ईडी ने सिसोदिया को नौ मार्च को तिहाड़ जेल में गिरफ्तार किया था. उन्हें 2021-22 की दिल्ली आबकारी नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में कथित भ्रष्टाचार के संबंध में 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था. तेलंगाना में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति की विधान परिषद सदस्य के. कविता से प्रवर्तन निदेशालय ने तीसरे दिन मंगलवार को करीब 10 घंटे तक पूछताछ की. एजेंसी पर अपने खिलाफ आक्षेप लगाने का आरोप लगाते हुए कविता ने कहा कि वह इस तरह की कोई गलत धारणा खारिज करने के लिए फोन जमा कर रही हैं जो एजेंसी कथित रूप से बनाने का प्रयास कर रही है. उन्होंने मामले के जांच अधिकारी को लिखे एक पत्र में कहा कि जनता को झूठे आरोप जानबूझकर लीक करने% से राजनीतिक रस्साकसी बढ़ी है, जिसमें उनके राजनीतिक विरोधी आरोपों की झड़ी लगा रहे हैं.

## ओम प्रकाश राजभर पर मंत्री दानिश आजाद अंसारी का पलटवार

**नई दिल्ली।** भासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर के बयान की बीजेपी सरकार धर्म के नाम पर राजनीति कर रही है को लेकर अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि बीजेपी सबका साथ सबका विकास के नारे पर काम करती है. समाज के सभी जाति, धर्म, मजहब के लोगों का विकास सुनिश्चित करने का काम किया है. 2014 से अब तक केंद्र में और 2017 से अब तक उत्तर प्रदेश में हर दिन सरकार ने जनता के विकास को बिना जाति धर्म मजहब देखे सुनिश्चित किया है. बीजेपी सरकार ने धरातल पर इमानदारी से काम किया इसीलिए आम जनमानस में विश्वास पैदा हुआ. अगर काम के प्रति विश्वास नहीं होता तो 2019 या 2022 इन दोनों चुनाव में नहीं जीत पाते. दोनों जगह जीत मिलने का मतलब है कि बीजेपी की नीतियों पर आम जनमानस का विश्वास है. दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि सही मायने में देखे तो मुस्लिम समाज के विकास के लिए अगर किसी ने काम किया है तो बीजेपी सरकार ने. मुस्लिम समाज में शिक्षा आए, युवाओं को रोजगार मिले, बहने एंपावर हों तो यह काम बीजेपी ने किया. हमने मुस्लिम समाज को तरक्की की तरफ आगे बढ़ाने के लिए काम किया इसीलिए आज मुस्लिम समाज को भी सरकार पर विश्वास है. उन्होंने कहा कि आजमगढ़, रामपुर के उपचुनाव को देख लीजिए जहां 50त्न से ज्यादा मुस्लिम आबादी है. वहां भी बीजेपी के प्रत्याशी ने जीत हासिल की है. मतलब साफ है कि बीजेपी के साथ मुस्लिम समाज भी कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ा. योगी के मंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश हित के लिए राजनीति करती है. समाज



सर्वोपरि है इस भाव के साथ राजनीति करती है. किसी को यह सोचने की जरूरत नहीं कि बीजेपी जाति धर्म के नाम पर राजनीति करती है. सपा, बसपा, कांग्रेस ने जाति धर्म के नाम पर समाज को बांटने का काम किया. समाज को गुमराह करने का काम किया. जाति, धर्म, मजहब का डर दिखाकर सत्ता में आकर अपना राजनीतिक स्वार्थ पूरा करने का काम किया. लेकिन बीजेपी हर तबके को आगे ले जाने के लिए काम कर रही. पसमांदा समाज को आगे बढ़ाने का काम किया है. बसपा की युवाओं को साधने की तैयारी पर मंत्री ने कहा कि बसपा का प्लान कोई चुनौती नहीं है. हमने युवाओं की तरक्की के लिए जितना काम किया है चाहे रोजगार की बात हो, अच्छी शिक्षा, स्टार्टअप से जोड़ने का काम, एमएसएमई से जोड़ने का काम. आज युवाओं को मालूम है कि उनका सच्चा हितैषी अगर कोई है तो बीजेपी. चाहे बसपा हो या सपा कितनी भी कोशिश कर ले इन्हें रिझाने की लेकिन युवा जागरुक है. जानता है के युवा सोच युवा शक्ति को सशक्त करने का काम बीजेपी करती है. संसद में अवकाश को लेकर सपा के बयान पर उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के पास अब कोई मुद्दा नहीं बचा है. सपा आज मुद्दा विहीन पार्टी है. समाज का ध्यान आकर्षित करना चाहती है, लेकिन समाज जानता है कि ये अपना राजनीतिक उल्लू सीधा करने का सपा का हथकंडा है. सपा समाज में अलगाववाद पैदा करने की कोशिश करती है. लेकिन जनता को एकता की बात पसंद है. हम पूरी स्वतंत्रता से अपने पर्व त्यौहार मनाते हैं. सारस के मुद्दे पर अखिलेश यादव के बयान को लेकर दानिश आजाद अंसारी कहा कि आप सपा के पास कोई एजेंडा नहीं है. जिस तरह बीजेपी धरातल पर काम कर रही यह लोग फालतू की बातें करके सिर्फ लोगों का ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं. यही सपा सत्ता में थी तो सत्ता का दुरुपयोग किया अपने राजनीतिक स्वार्थ को पूरा करने के लिए. आम जनमानस, पशु पक्षी, पर्यावरण जितना सुरक्षित है इतना किसी की सरकार में नहीं रहा. हमने उत्तर प्रदेश में वन्यजीवों को संरक्षित करने के लिए काम किया, पर्यावरण संरक्षण के लिए काम किया, उत्तर प्रदेश के जंगलों को बेहतर करने के लिए काम किया, लखनऊ में नाइट सफारी शुरू होने जा रही.

# अमृतपाल सिंह के खिलाफ एक और एफआईआर

**नई दिल्ली।** वारिस पंजाब दे का चीफ और खालिस्तान का समर्थक भगोड़ा अमृतपाल सिंह के खिलाफ पंजाब पुलिस ने एक और एफआईआर दर्ज की है. पुलिस ने गुरुद्वारा के ग्रंथी की शिकायत पर अमृतपाल के खिलाफ ये केस दर्ज किया. मामले को लेकर ग्रंथी की पत्नी का बयान भी दर्ज हुआ है. शिकायत में कहा गया है कि ग्रंथी के बेटे के कपड़े पहनकर अमृतपाल सिंह फ़रार हुआ है. अमृतपाल सिंह पर बंदूक दिखाकर कपड़े लेने और डराने का आरोप लगा है. वारिस पंजाब दे के चीफ के खिलाफ अब तक 7 केस दर्ज हो चुके हैं. दरअसल, शनिवार (18 फरवरी) को अमृतपाल सिंह जालंधर के नंगल अंबियन गांव में एक गुरुद्वारे गया था. पुलिस महानिरीक्षक (मुख्यालय) सुखचैन सिंह गिल ने मंगलवार को



बताया था कि वहां उसने (अमृतपाल) अपने कपड़े बदले, शर्ट और पैंट पहनी और दो बाइक पर तीन अन्य लोगों के साथ फरार हो गया. पुलिस ने भागने में उसकी मदद करने वाले मनप्रीत सिंह, गुरदीप सिंह, हरप्रीत सिंह और गुरभेज सिंह को गिरफ्तार किया है.

इस मामले में जालंधर पुलिस ने एक्शन लेते हुए उस बाइक को बरामद कर लिया है जिस पर बैठकर अमृतपाल सिंह फरार हुआ था. इससे पहले बदले हुलिया के साथ एक तस्वीर सामने आई थी जिसमें वो गुलाबी रंग की पगड़ी, सफेद रंग की जैकेट और काला चश्मा लगाकर बाइक पर पीछे बैठा हुआ है. इसके बाद पुलिस ने छानबीन करते हुए वो बाइक भी बुधवार (22 मार्च) को बरामद कर ली. भगोड़े अमृतपाल सिंह की तलाश में बुधवार को पंजाब पुलिस ने अमृतसर के जल्लूखेड़ा गांव में पहुंची और उसके घर पर दबिश दी. इस दौरान पुलिस ने उसके घर में गहरी छानबीन की. वहीं, बठिंडा जिले में भी पुलिस ने अमृतपाल सिंह के समर्थकों पर कार्रवाई की है. एडीजीपी सुरिंदर पाल सिंह परमार ने बताया कि बठिंडा रेंज से 70 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है. हम अलर्ट पर है और स्थिति शांतिपूर्व है, लोगों में विश्वास जगाने के लिए फ्लैग मार्च निकाले जा रहे है.

## एक नजर...

### आज नव वर्ष के उपलक्ष्य पर मौ नगर में विशाल भगवा यात्रा निकाली गई

पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ. बेताल सिंह गौड़



आज मौ नगर में सभी हिंदुओं का सबसे बड़ा त्यौहार माना जाता है इसी दिन से नया साल प्रारंभ होता है इसी दिन के उपलक्ष में विशाल भगवा यात्रा



निकाली गई एवं सभी हिंदू भाइयों ने बढ़-चढ़कर यात्रा में भागीदारी ली और मौ नगर के कई वार्ड होते हुए यात्रा निकाली और कई जगह पर भगवा यात्रा का फूल माला एवं फल वितरण से कई लोगों ने स्वागत किया इस यात्रा से सभी हिंदुओं को प्रेरणा मिलती है की नव वर्ष को हम धूमधाम से मनाएं एवं सभी अपने अपने घरों पर भगवा लहराए यह यात्रा नरसिंह मंदिर से प्रारंभ होकर कई वार्ड को घूमते हुए रतवा चौराहे से होते हुए नरसिंह मंदिर पर ही समापन हुआ इस अबसर पर भाजपा मंण्डल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह जिला मंत्री फरेन्द सिंह सिकरवार रामख्तयार गुर्जर पंकज कुशबाह सोमबीर सिबहरे संन्तोष यादव प्रमोद यादव सुल्तान मौर्य राजू मिश्रा डां बेताल गौड़ जिनेन्द्र जैन दीपक यादव अतुल राजपूत आदित्य प्रताप सिंह सत्यबीर यादव डां अनिल श्रीबात्सव धर्मेन्द यादव सोशल मीडिया प्रभारी अजय झा सतीश परिहार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता बंधु बंजरग दल के सभी कार्यकर्ता एवं मौ नगर के सभी हिंदू भाई उपस्थित रहे

### भगवान का पवित्र नाम ही जीव को माया के बंधन से मुक्त कर सकता है

पुष्पांजलि टुडे खरगोन से रिपोर्टर मुन्ना खान की खबर



**रमणगांव** – मनुष्य जीवन अनमोल है बड़े भाग्य से प्राप्त होता है दैवीक शक्तियां भी भगवान से याचना कर आरएफते हैं कि हमे भी मनुष्य शरीर दिजिए जिससे कि हम भी आपका ध्यान कर सके भक्ति करके मुक्ति के अधिकारी बन जाए। जब किसी जीव पर भगवान की किरपा होती है तो भगवान उसे सत्संग प्रदान करते हैं जिससे कि जीव आत्मा अपना विवेक जागृत कर परमात्मा का नाम सुमिरन कर माया के बंधन से मुक्त हो जाता है उक्त अमृतवाणी सद्गुरुदेव श्री सतपाल महाराज की परम शिष्या संत महात्मा धारा बाइजी ने गिरिजा पाटीदार की स्मृति में आयोजित सत्संग समारोह रमणगांव में कहे,साथ मे महात्मा सुलभी बाईजी ने भी अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम का आयोजन दिवंगत गिरिजा बहन के पति शिक्षक राधेश्याम पाटीदार ने करवाया, ग्राम के डॉ.मांगीलाल पाटीदार,संजय पाटीदार,शिवराम वाघेला,आदि लोगों ने पर्वचनो का लाभ प्राप्त किया।।

खरगोन से मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे

खरगोन मक्का मदिना की जियारत के लिए खरगोन में मंगलवार की रात 30 लोगो का जत्था खरगोन मोहन टाकीज क्षेत्र से रवाना हुआ जहा सेकडो की तादाद में लोगो ने पुष्प वर्षा से जोरदार स्वागत किया ओर एक दूसरे को गले लगकर दुआओ की दरख्वास्त की। बताया जा रहा है उमराह सालभर में कभी भी किया जा सकता है लेकीन रमजान माह में इसका विशेष महत्व बताया है। इस दौरान मुस्लिम जमात ने बताया कि उमराह करने से दुआए कबुल होती है साथ ही सारे गुनाह माफ हो जाते है।

### कांग्रेसी नेता भविष्य प्रधान पंहुचे संतोष का हाल जानने जल्द मिलेगा सरकारी योजना का लाभ

संवाददाता हेमचंद नागेश



14 वर्षीय विकलांग संतोष नागेश का समय दर्शन मे खबर लगते ही प्रशासन आया हरकत में। युवा कांग्रेस विधानसभा महासचिव भविष्य प्रधान पंहुचे कोड़की पारा विकलांग संतोष नागेश के घर पंहुच कर किया प्रसाशनिक अधिकारियों से संपर्क संतोष के परिवार को किया आश्वस्त कहा भूपेश बघेल के सरकार मे सरकारी योजनाओं से नहीं हो सकता कोई भी वंचित। संतोष नागेश के परिवार से चर्चा करते हुए कांग्रेसी नेता भविष्य प्रधान ने भरोसा दिलाते हुए वीलचेयर ,राशनकार्ड व समय समय पर मेडिकल उपचार कराने का किया वादा। बता दे कि संतोष नागेश मात्र 14 साल का बच्चा है जो 50 त्न विकलांग के श्रेणी में आता है जो ना ढंग से चल पाता है और ना ही अपने हाथ से खा पाता है शौच से लेकर नितकर्म मां के भरोसे है संतोष नागेश का दिनचर्या।अब संतोष नागेश को मिलेगा वील चेयर ,राशनकार्ड व स्कूल में पड़ने का मौका।देवभोग मे युवा नेता युवा अधिकारी के आते ही बदलाव की घड़ी आ चूकि है अब क्षेत्रीय समस्याओं मे बड़ चड़ कर युवा कांग्रेसी नेता से लेकर अधिकारी भाग लेते दिख रहे है जो देवभोग की जनता के लिए खुशखबरी का विषय है। कांग्रेस सरकार के आते ही आज प्रत्येक समस्याओं का समाधान करने स्वयं युवा कांग्रेसी नेता पंहुच रहे घर घर जो कहीं ना कहीं क्षेत्र और क्षेत्रवासियों के लिए एक अच्छा संदेश व संपर्क है।भविष्य प्रधान जैसे प्रभावशाली युवा नेता कि हमें क्षेत्र में अति आवश्यकता है जीसे समस्या मिलते ही त्वरित संज्ञान में लेते हुए जनता से रूबरू होकर समस्या का समाधान करें।यदि क्षेत्र की जनता से संबंधित कोई खबर उजागर हो तो भविष्य प्रधान जैसे नेता की हमें आवश्यकता है जो अपनी राजनीति से हट कर जन सेवा के लिए आगे आए। समस्या का समाधान करे सम्बंधित अधिकारियों को उनके कर्तव्य का बोध कराये और गरीब मजबूर निसाहय लोगों का ताकत बने आवाज बनें जो निश्कत जनों का शक्ति बने।




### जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा द्वारा सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया गया, नगर को साफ व स्वस्थ बनाने में सफाई कर्मियों का विशेष योगदान– अध्यक्ष प्रियंका शिवहरे

**रामस्वरूप रजक, पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- समाजसेवा के कार्यों में अग्रसर रहने वाली संस्था जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा द्वारा बुधवार को शहर के नगर पालिका परिषद में सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया गया जिसमें जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा द्वारा 10 महिला सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया गया जिसमे मुख्य रूप से अब्दुल क्रेरेशी एच ओ , योगेश शर्मा एस आई , गौरव दुबे जी उपस्थित रहे जिसमे सफ़ाई कर्मचारियों को माला पहनाकर एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया मुख्य रूप से आए हुए लोगो का भी जेसीआई के द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । जिसमे अध्यक्ष जेसी प्रियंका शिवहरे, सचिव जेसी आरती जैन, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर जेसी नीता श्रीवास्तव, जेसी निशा गोयल, जेसी माधवी सोनी ,जेसी अंशु अग्रवाल, जेसी नीतू शिवहरे, जेसी प्रियंका सोनी आदि सदस्य उपस्थित रहे । अंत में सचिव जेसी आरती जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

**अध्यक्ष जेसी प्रियंका शिवहरे ने कहा**–आज सफाई कर्मी के बिना समाज अधूरा है इनका हमारे बिच रहना और हमारे लिए काम करना सम्मानजनक है हमें समाज में इनका सम्मान करना चाहिए और इन्हे प्रोत्साहित करना चाहिए। जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा के द्वारा आगे भी ऐसे ही समाजसेवा के कार्य किए जायेंगे । सचिव जेसी आरती जैन ने कहा कि कोरोना जैसी घातक महामारी में भी अपने और अपने परिवार की चिंता फिक्र न करते हुए नगर के सभी वार्डो में सफाई कार्य में लगे थे, सभी सफाई कर्मचारी बधाई और सम्मान के पात्र हैं। सफाई कर्मचारियों द्वारा की जा रही सेवाओं की सराहना की। वहीं कहा कि, जब लॉकडाउन के चलते लोग घरों में बंद थे और सफाई कर्मी अपनी जान की भी परवाह ना करते हुए प्रतिदिन सफाई का कार्य कर हमें स्वच्छ वातावरण उपलब्ध करवा रहे थे।

## एकीकृत विद्यालय ग्राम चिलावाद के स्कूल मैं नहीं मिल रहा पौष्टिक आहार

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी -खबर जिले के कोलारस ब्लॉक के संकुल खरई के एकीकृत विद्यालय चिलावाद से है जंहा मिड डे मिल में नहीं परोसा जा रहा बच्चो को मैन्यू के हिसाब से खाना, हरी सब्जियां और अचार पापड़ है गायब बच्चों को स्कूली शिक्षा के प्रति आकर्षित करने, बच्चों की अतिरिक्त पोषण उपलब्ध कराने एवं उनके स्वास्थ्य में सुधार लाने के उद्देश्य से शुरू की गई मध्यान्ह भोजन योजना का बच्चों को समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। अधिकांश स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों पर इन बच्चों को गुणवत्ताहीन भोजन वितरित किया जा रहा है। जबकि बच्चों को पौष्टिक आहार देने हेतु शासन की ओर से मैन्यू भी निर्धारित किया है लेकिन मध्यान्ह भोजन वितरण करने वाले समूह संचालक मैन्यू को दरकिनार कर गुणवत्ताहीन भोजन ही बच्चों को परोस रहे हैं थाली की जगह बच्चों के हाथों मैं दिया जाता हैं खाना बच्चों ने बताया कि हम थाली अपने घर से लेकर आते हैं स्कूल मे जो थालियां हैं उन्हें हम से ही साफ करवाया



जाता है उसके बाद हमें खाना दिया जाता हैं इसलिए हम अपने घर से थाली लेकर आते हैं जब हम इसका विरोध करते हैं तो हमे डराया धमकाया जाता हैं और कहते कि खाना खाना हो तो आराम से खा लो ज्यादा कानून बताओगे तो कल से तुम्हे खाना नही दिया जाएगा मंगलवार को जब हमारी टीम एकीकृत विद्यालय चिलावाद पंहुची तो वह बच्चों को जो भोजन परोसा जा रहा था उसमें मैन्यू के अनुसार मंगलवार को खीर पूड़ी आलू टमाटर की सब्जी और आचार पापड़ सलाद दिया जाता हैं। जब हमारी टीम ने बच्चों से भोजन के बारे मैं जानकारी चाही तो बच्चों ने बताया कि मंगलवार को पूड़ी आलू की सब्जी ही दी जाती हैं खीर अचार सलाद पापड़ नही दिया जाता।

**छोटे कटोरे से किया जाता हैं खाने का विवरण**-एक छोटे से कटोरे मैं समूह संचालक खाना लाता कभी कभी तो सारे बच्चों को खाना वितरण ही नही हो पाता उससे पहले खाना खत्म हो जाता हैं मंगलवार के दिन बच्चों को दो दो पूड़ियाँ ही दी जातीं और हमे आज पूड़ी के साथ आलू सेजने की फली सब्जी दी गई थी अब देखना होगा कि ऐसे समूह संचालकों पर वरिष्ठ अधिकारी कार्यवाही करते हैं या कार्यवाही के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति की करते हैं।

### जल संचय के लिए जन अभियान परिषद् द्वारा रामनगर में जल अमृत संजीवनी अभियान का शुभारंभ किया गया

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- मप्र जन अभियान परिषद् द्वारा विकास खंड नरवर में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रामनगर द्वारा विश्व जल दिवस के अवसर पर जन अभियान परिषद् के नवाचार कार्यक्रम जल अमृत संजीवनी अभियान के अंतर्गत गांव में स्थित मढ़ई की पहाड़ी पर जल संचय करने के उद्देश्य से जन भागीदारी द्वारा कंटूर ट्रेंच खोदने का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेश सिंह परिहार विकास खंड समन्वयक जन अभियान परिषद् ने बताया कि जल ही पंचतत्व में सर्वश्रेष्ठ है इसके बिना धरती पर जीवन सम्भव नहीं है इसलिए इस अभियान का शुभारंभ आज भारतीय नव वर्ष और विश्व जल दिवस के अवसर पर किया जा रहा है द्व यहां प्रतिदिन युवाओं द्वारा एक घण्टे श्रमदान करते हुए खंती खोदी जाएगी जिनमे बरसात के दिनों में विभिन्न प्रजातियों के पौधों के बीज डाले जाएंगे ताकि पहाड़ी क्षेत्र की भूमि का क्षरण न हो और जमीन में पानी का संचय हो सके। इस अवसर पर मप्र



जन अभियान परिषद् की नवांकुर संस्था ठाकुर सन्मान सिंह जन कल्याण समिति ख्यावदा के कार्यक्रम समन्वयक सेक्टर प्रभारी राजू परिहार ग्राम पंचायत रामनगर के सरपंच प्रतिनिधि मनोज कुशवाहा, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रामनगर के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सह महाविद्यालय प्रमुख धीरज हरनाम सिंह रावत, उपाध्यक्ष नवल सिंह रावत, विनोद पाल, आनंद कुशवाहा, रवि योगी, प्रशांत रावत, अमन रावत, अवधेश परिहार, राजबहादुर रावत , नारायण रावत, कमलेश परिहार एवं गांव के अन्य युवा साथी एवं गणमान्य व्यक्तियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण युवा और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हिंदू नव वर्ष नवरात्रि के अवसर पर बाइक रैली निकली

पुष्पांजली टुडे

दमोह, नोहटा । हिंदू नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नवरात्रि के अवसर पर जिले के नोहटा में विशाल बाइक रैली का आयोजन



किया गया। यह वाहन रैली श्री हनुमान मंदिर थाना परिसर से निकाली गई जो कालोनी से होते हुए श्री हनुमान मंदिर वापिस पहुंची। जबेरा क्षेत्र के विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी के अलावा इस यात्रा में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों मौजूदगी। इस दौरान विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी ने सभी को हिंदू नव वर्ष एवं नवरात्रि की शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने कहाँ आप सभी के सहयोग से वाहन रैली निकाली गई एवं यात्रा में सभी संघठनो एवं क्षेत्रवासियों का धन्यवाद जिनके सहयोग से यह आयोजन सफल हुआ।

## शिवपुरी पुलिस की अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही

### पुलिस थाना सीहोर द्वारा एक खेत मे खड़े करीब 250 किग्रा. हरे गांजे को जप्त कर आरोपियों पर की कार्यवाही

**राकेश परिहार रिपोर्टर**

पिछोर। शिवपुरी पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा समस्त एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों को अवैध मादक पदर्थों एवं अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने हेतु लगातार निर्देशित किया जा रहा है, जिसके तारतम्य मे अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया एसडीओपी करैरा श्री संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी सीहोर उनि मुकेश दुबोलिया एवं उनकी टीम द्वारा दविस देकर एक खेत से अवैध मादक पदार्थ गांजे के 350 हरे पौधे जिनका बजन 250 किलोग्राम है कि जप्त कर आरोपियों पर एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की है ।

थाना प्रभारी सीहोर उनि. मुकेश दुबोलिया को दौराने इलाका भ्रमण मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कालीपहाडी मे तेली वाला डेरा हार मौजा मे दो लोग अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजे के हरे पोधे भारी मात्रा मे अपने खेत पर लगाये हुये है । उक्त सूचना से बरिष्ठ अधिकारियों को अबगत कराकर एवं आवश्यक निर्देश प्राप्त कर पर हमराही पुलिस टीम के साथ मुखबिर के बताये स्थान ग्राम कालीपहाडी मे तेली वाला डेरा हार मौजा मे रवाना हुआ । मुखबिर द्वारा बताये हुये खेत मे अवैध मादक पदार्थ हरे गांजे के पौधे खड़े मिले जो उपरोक्त खेत व कब्जे वाली जगह किसकी है इसकी वैध जानकारी प्राप्त की गई एवं हमराही पुलिस वल व उपस्थित लोगों की मदद से गांजे के पौधों को उखड़वाया गया जो गिनने पर कुल छोटे एवं बडे आकार के पौधो की कुल संख्या 350 हुई जिनका कुल वजन मे मात्रा 250 कि.ग्रा हुआ। पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाश की गई जो पुलिस के आने से ही पहले फरार हो गये । आरोपियों



को के द्वारा अपने खेत / कब्जे वाली जगह मे अवैध रूप से अवैध मादक पदार्थ गांजे की फसल उगाना पाया जाने से उक्त कृत्य धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया एवं पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं । उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी सीहोर उनि. मुकेश दुबोलिया, स्टाफ सउनि दिवाकर सिह प्रआर 661 नरेन्द्र सिह पाल प्रआर 464 शमशेर सिह प्रआर 821 बेताल सिह आर 1133 पवन रावत आर 1114 रंजोर रावत आर 727 अरूण कुशवाह आर 906 सतेन्द्र रावत आर 550 प्रदीप राणा आर चा. 327 जसवंत परिहार, प्रआर 661 नरेन्द्र सिह पाल आर 1133 पवन रावत आर 550 प्रदीप राणा सउनि दिवाकर सिह आर 727 अरूण कुशवाह आर 906 सतेन्द्र रावत प्रआर 821 बेताल सिह आर 1114 रंजोर रावत आर 727 अरूण कुशवाह प्रआर 821 बेताल सिह व आर 1114 रंजोर रावत की सराहनीय भूमिका रही ।

### रक्तदान करके बचाई मरीज की जान

पुष्पांजलि टुडे-रिपोर्टर खंगारराम मुलेवा

पाली बांगड़ अस्पताल में भर्ती रानी नादाना निवासी पूरा राम मेघवाल इमरजेंसी खून की कमी ए पॉजिटिव ब्लड की जरूरत पड़ने पर मरीज के परिजनों ने पाली में कई जगह पर 2 दिन से प्रयास किया लेकिन व्यवस्था ना हो पाई ब्लड बैंक में ए पॉजिटिव ब्लड नहीं मिलने पर गाने राव से विक्रम जी आदिवाल ने रक्तदान महादान टीम सादड़ी प्रदेश अध्यक्ष सुरेश माली गोयल सादड़ी को सूचना दी मैंने लंबी प्रयास करके पाली के समाजसेवी धर्मेंद्र जी सेन को भेजकर ए पॉजिटिव ब्लड रक्तदान कराया और मरीज की जान बचाई पाली



के समाजसेवी धर्मेंद्र जी सेन हमेशा मानव जीवन सेवा के लिए तैयार रहते हैं बहुत-बहुत धन्यवाद फोन मिलने के बाद मरीज के परिजनों ने लंबी सांस ली और रक्तदाता और समाजसेवी धर्मेंद्र सेन का आभार जताया कहा है कि रक्तदान से बड़ी कोई सेवा नहीं।

## ग्राम बलारपुर में चैत्र नवरात्री के अवसर पर आयोजित होने वाले धार्मिक मेला के संबंध में बैठक आयोजित

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में गत दिवस ग्राम बलारपुर में प्रतिवर्ष की भांति चैत्र नवरात्री के अवसर पर 22 मार्च से 30 मार्च तक आयोजित होने वाले धार्मिक बलारपुर मेला में व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी, अपर कलेक्टर विवेक रघुवंशी, ए.एस. पी. प्रवीण कुमार भूरिया, एसडीएम अंकुर रवि गुप्ता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पवन जैन, माधव नेशनल पार्क एस.डी.ओ. अनिल कुमार सोनी, पीडब्ल्यूडी एस.डी.ओ. गौरव गुप्ता, जनपद पंचायत शिवपुरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अरविन्द शाह, नगर पालिका परिषद शिवपुरी के कार्यपालन यंत्री मनोहर बागडी, ई.ई. पी.एच.ई एल.पी.सिंह, रेंजर माधव नेशनल पार्क, थाना प्रभारी सुरवाया, राजस्व निरीक्षक, पटवारी तथा पुजारी बलारी माता मंदिर उपस्थित थे। बैठक में निर्देश दिए कि ग्राम बलारपुर में आयोजित होने वाले मेले के संपूर्ण प्रभारी तहसीलदार शिवपुरी होंगे एवं उनके सहयोग के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत शिवपुरी एवं एस.डी.ओ. नेशनल पार्क शिवपुरी सहायक प्रभारी होंगे एवं सभी समय-समय पर स्थल पर उपस्थित होकर कार्य का मॉनीटरिंग किया जाना सुनिश्चित करेंगे। धार्मिक मेले की व्यवस्थायें सहायक संचालक माधव नेशनल पार्क ईको विकास समिति सुरवाया के माध्यम से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत शिवपुरी समन्वय से करेंगे। चिन्हित स्थानों पर वन विभाग एवं पुलिस विभाग के कर्मचारियों की शिफ्ट वाईज 24 घंटे ड्यूटी रहेगी। नेशनल पार्क में कुछ दिनों पूर्व बाघ छोड़े जाने के कारण अंदर जहां-जहां आवश्यकता हो, वहां पर वेरिकेटिंग एवं फोरेस्ट गार्डो की ड्यूटी की व्यवस्था के निर्देश दिए। पेयजल हेतु ग्राम करई से मंदिर तक पांच स्थल चयन कर पानी के टेंकर रखें जाने का निर्णय लिया गया। मेले में आने जाने हेतु एक ही प्रवेश द्वार ग्राम करई स्थित रास्ते से रहेगा। बलारपुर में आने जाने हेतु माधव नेशनल पार्क / अन्य ग्रामों से जो भी रास्ते हैं, उनको पुलिस एवं वन विभाग संयुक्त रूप से बैरीकेटिंग से रोकते हुए ऐसे प्रवेश द्वारों पर विभागीय गार्ड रहेंगे। मंदिर के आसपास मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था के निर्देश दिये। मेले में 02 स्वास्थ्य शिविर लगाने के भी निर्देश दिए हैं। पार्किंग, बेरिकेड्स, पेयजल आदि व्यवस्था को लेकर बैठक की गयी।

# दुर्गम एवं टापू बसे ग्राम में पीने की पानी के लिये हैंडपंप खुदाई होने से सौगात मिलने के समान है





**त्रिलोकी तिवारी ब्यूरो चीफ**

गरियाबंद। विकास खंण्ड मैनपुर के अंतिम छोर उड़ीसा सीमा पर बसा गांव घुमरापदर का भाजपा प्रतिनिधि मंडल प्रवास में रहे जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेशमंत्री भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ मुरलीधर सिन्हा नें दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यह गांव में बांध बन जानें के कारण यह गांव टापू में हो गया है जो कालापानी के समान है और मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है ड़ सिंचाई विभाग की गलत नीति के कारण घुमरापदर ग्रामवासी कालापानी में जीवन-यापन करनें को विवस और बेबस हैंड़ भाजपा नेता मुरलीधर सिन्हा एवं साथ में गये हुए अन्य जनप्रतिनिधियों को गांवों के कुछ महिलाओं नें,अपनें पीड़ा बताते हुए कहे कि ग्राम पंचायत घुमरापदर गांव घुमरापदर वार्ड नम्बर 04 चार धनसिंग मांझी के घर के पास एक हैंण्डपंम्प कि आवश्यकता है,जिस पर सुचारू पेयजल की व्यवस्था होनी चाहिए । श्री सिन्हा नें त्वरित ध्यानाकर्षित करते हुए तत्परता से कार्यपालन अभियंता,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग संभाग गरियाबंद को अनुरोध किया जिसे अविलंम्ब स्वीकार करते हुए,स्वीकृति आदेश देकर दिनांक 20 मार्च 2023 को हैंण्डपंम्प खनन किया जो 300 फीट गहराई में पानी मिला और सफल रहा है। यह सौगात मिलते ही गांव में खुशियों का माहोल को देखकर भाजपा नेता मुरलीधर सिन्हा नें भावुक होकर कहे,मुझे भी आनंद आया कि गांव के अच्छे कार्य करनें में मैं सफल रहा हूं और मेरे साथ भाजपा के जागरूक, लोकप्रिय कार्यकर्ता मंण्डल अध्यक्ष गोहरापदर गुरूनारायण तिवारी, मंण्डल महामंत्री तानसिंह मांझी , मंण्डल कोषाध्यक्ष शोभित ध्रुवा एवं क्षेत्र के जेष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं नें मुझे सहयोग दिया ।

सबको सहृदय से धन्यवाद देता हूँ । भाजपा नेता मुरलीधर सिन्हा ने बताया कि ग्राम घुमरापदर के निवासी काफी दिनों से बीमार में ग्रसित वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता धनसिंग मांझी जी से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम पूछा और भगवान से प्रार्थना करते हुए, उनके स्वस्थ्य व दीर्घायु की कामनाएं किया एवं समस्त क्षेत्र वासियों को हिन्दू नववर्ष व चैत्र नवरात्र की मंगलमयी शुभकामनाएं दिये ।

# विकलांग संतोष को है मशीहा का इंतजार सरकार से उठा भरोसा

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

14 साल से 50 प्रतिशत विगलांग संतोष नागेश को सरकार की एक भी योजना का लाभ नही मिल पाया है। संतोष की शौच से लेकर तमाम दिनचरिया कार्य संतोष की मां के भरोसे होता है। मामला ब्लॉक के अंतिम छोर कोड़की पारा का है जहां संतोष पिता छनसिंग नागेश जन्म से पैर की 50 प्रतिशत विगलंगता से ग्रसित है लेकिन आज तक सरकार की योजना का लाभ नहीं मिल सका संतोष नागेश को ।संतोष चाहता है कि उसे विगलांग पेंशन मिले और ट्राई साइकिल ताकि घुटना रगड़ कर चलने से बचे। सहारा के लिए बैसागी तक नसीब नही हो पाया है। राज्य सरकार की तमाम योजना से संतोष वंचित हैं। पेंशन एवम ट्राई साइकिल की अतिआवश्यकता हैं। संतोष की मां ने बताया कि विकलांग बेटे संतोष का जीवन पिछ्ले 14 साल से खटिया पर ही गुजर रहा है।सरकार द्वारा ट्राई साइकिल या



बैसागी नही मिलने के कारण संतोष की शुरुवाती पढ़ाई भी नही हो सकी जबकि संतोष चाहता है कि पड़ाई कर कुछ बनने का इच्छा जाहिर किया। शारीरिक विकलांगता के कारण संतोष अपनी इच्छा को दबाते हुए मजबूरी बताया। आर्थिक स्थिति इतनी गंभीर है कि संतोष के लिए ट्राईसाईकिल खरीदना मानो सपना जैसा है। ग्राम पंचायत में पेंशन के लिए कई बार आवेदन किया गया जा चूका लेकिन अब तक किसी भी प्रकार का भी अब तक लाभ नहीं मिल पाया। ट्राईसाईकिल के लिए भी गुहार लगाया गया लेकिन आज तक गुहार पर कोई पहल नहीं हो पाया और स्थिति इतनी भी मजबूत नहीं कि ब्लॉक मुख्यालय तक संतोष पंहुच सके और अधिकार की बात कर या अधिकारियों से मुलाकात कर अपनी पीड़ा सुना जा सके। संतोष और मां का भरण पोषण के लिए पिता ने पलायन का रास्ता अपनाया और राज्य से बाहर जाकर मजदूरी के सहारे परिवार को पालने का जिम्मेदारी उठाया। किसी तरह संतोष के पिता द्वारा पैसा भेजने पर राशन पानी लिया जाता है व संतोष का खर्चा किस तरह उठाया जा सके उसके लिए संघर्ष अब तक जारी है। शायद यही वजह है कि संतोष स्वास्थ्य अधिकारियों से इलाज और जनपद अधिकारी से. ट्राईसाईकिल के इंतजार में नजर गड़ाए अब तक कोने मे पड़ा हुआ है। लेकिन देवभोग प्रसाशन ईतना संवेदनहीन हो चुका है कि एक विकलांग के दर्द का अहसास तक महसूस नहीं कर पा रहा है।

# हर दिन 200 किमी साइकिल चलाते हैं ये शिक्षक, नशामुक्ति का संदेश देने

## शिक्षक साइकिल पर हुआ सवार, जिलों में घूम-घूमकर कर रहा जागरूक

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

नशामुक्ति का संदेश देने के लिए युवा शिक्षक संतोष 33 जिले की साइकिल यात्रा पर निकले हैं। छह दिनों की यात्रा कर बुधवार को वह गरियाबंद पहुंचे। इस दौरान उन्होंने लोगों को जागरूक करते हुए पर्यावरण बचाने का भी संदेश दिया गरियाबंद बस स्टेंड में प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ एवं प्रदेश महामंत्री खेल प्रकोष्ठ हरमेश चावड़ा ने पुष्प गुच्छ भेट कर शिक्षक संतोष गुप्ता का स्वागत किया. गरियाबंद ञ्छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले के रहने वाले संतोष गुप्ता एक शिक्षक हैं. संतोष समय-समय पर साइकिल से जागरूकता यात्रा निकालते रहते हैं. इस बार भी संतोष मुंगेली जिले से अपनी साइकिल यात्रा पर निकल चुके हैं. संतोष इस बार प्रदूषण और नशा मुक्ति के लिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं.

**दस दिन में 1800 किलोमीटर और 18 ज़लि की यात्रा की पूर्ण**–नशामुक्ति, फिट शरीर और फिजूलखर्ची रोकने का संदेश लेकर मुंगेली के युवा शिक्षक संतोष गुप्ता प्रदेश के सभी 33 जिलों की सायकल यात्रा में निकले हैं। 10 दिन पूर्व उन्होंने मुंगेली से यात्रा प्रारंभ की और बुधवार को लगभग 1800 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर गरियाबंद पहुंचे।

**छत्तीसगढ़ के 33 जिलो में करेंगे साइकिल यात्रा**–संतोष मुंगेली जिले से निकल कर पूरे छत्तीसगढ़ में भ्रमण करने वाले हैं. गरियाबंद उनके इस भ्रमण का 18 वां जिला है. संतोष ने साइकिल चला कर नशा मुक्ति, ग्रीन एनर्जी के फायदे, ईंधन से बढ़ते प्रदूषण, दुर्घटना नियंत्रण, बच्चों को मोबाइल से दूरी बनाए रखने जैसे संदेशों का प्रचार प्रसार किया. इस बार संतोष की साइकिल यात्रा राज्य के मुंगेली जिले से होकर जगदलपुर धमतरी ज़लि से आज बुधवार को गरियाबंद पहुंची.




**अंतर्राष्टीय साइकलिस्ट हैं संतोष**–इससे पहले संतोष सायकल से नेपाल की यात्रा कर चुके है वही उन्होंने राष्टीय स्तर की सायकल प्रतियोगिता नासिक में भी भाग ले चुके है।

**साइकिल की सवारी जरूरी**–संतोष गुप्ता ने बताया कि वो तीन चीजों पर खास फोकस कर रहे हैं, जिसमें पर्यावरण, नशा मुक्ति और दुर्घटना शामिल है. साथ ही महंगाई कम करने को भी ये साइकिल यात्रा कर लोगों को जागरूक कर रहे हैं. संतोष कहते हैं कि हर दिन साइकिल चलाना जरूरी है.सायकल को उन्होंने ने अपने दिनचर्याक में भी शामिल कर लिया है वे प्रतिदिन 150 से 200 किलोमीटर सायकल की यात्रा करते है, मुंगेली में ही खत्म होगी यात्रा्संतोष गुप्ता बतौर साइकिल राइडर पिछ्ले दो साल से राज्य के अलग अलग हिस्सों पर साइकिल से जा चुके हैं. इस बार संतोष गुप्ता छत्तीसगढ़ के 33 जिलों का भ्रमण कर लोंगो को अच्छे संदेश दे रहे हैं. संतोष गुप्ता की ये साइकिल यात्रा पूरे राज्य से होकर फिर मुंगेली जिले में ही खत्म होगी

**शिक्षक संतोष की ये यात्रा समाज के लिये प्रेरणादायकः हरमेश चावड़ा**–प्रदेश महामंत्री खेल प्रकोष्ठ हरमेश चावड़ा ने कहा शिक्षक संतोष की यह यात्रा समाज के लिए एक प्रेरणादायक साबित होगी उनकी इस यात्रा से समाज को काफ़ी सीखने को मिल रहा है हम सभी को सायकल को अपने दिनचर्या में शामिल करना चाहिए सायकल स्वास्थ के साथ साथ प्रयावर्ण के लिए लाभदायक है , पर्यावरण बचाने के लिए दैनिक जीवन में प्लास्टिक का उपयोग कम से कम करना चाहिए। पर्यावरण को स्वच्छ रखना जरूरी है। बच्चों व युवाओं को मोबाइल का कम से कम और सायकल का उपयोग अधिक करना चाहिए

# जनचौपाल में मिले 58 आवेदन कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गरियाबंद।** जिला कार्यालय गरियाबंद में प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को आयोजित जनचौपाल में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से आये 58 लोगों ने अपनी समस्या संबंधी आवेदन प्रस्तुत किये। कलेक्टर प्रभात मलिक ने लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने मौके पर ही आवेदकों की समस्या संबंधी आवेदन को संबंधित विभाग के अधिकारियों को निराकरण हेतु आवेदन सौंपे। साथ ही आवेदकों को उनकी समस्या का शीघ्र निराकरण का भरोसा दिलाया।

जनचौपाल में ग्राम कुरूद के धनेश्वर ध्रुव ने ऋण लेने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र, ग्राम राजिम के लालाराम साहू ने राजीव गांधी आश्रय योजना का लाभ प्रदान करने, ग्राम मैनपुर की देवकी साहू ने पड़ाई लिए सहायता राशि, ग्राम रक्सी के समस्त ग्रामवासी ने रसेला से छुरा मुख्य मार्ग के दोनों तरफ धरसा रोड निर्माण की स्वीकृति प्रदाय करने, ग्राम कांदागड़ी के लोगों ने काबिज जमीन की अधिकार पत्र दिलाने, ग्राम जिडार के बिहारीलाल सिन्हा ने धारपानी में चेकडेम निर्माण कार्य स्वीकृत करने, ग्राम कुम्हरमरा की जानकी बाई ने मवेशी कोठा निर्माण हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करने, ग्राम कोकड़ी की राधिका पटेल ने भगिनी प्रसुति सहायता राशि दिलाने, ग्राम दीवना के समस्त ग्रामवासी ने घूमाडोंगरी स्थल पर हैंडपंप लगाने व अंजनी कुमार ने ग्राम पटेल नियुक्ति के संबंध में जैसे विभिन्न आवेदन प्रस्तुत किया। जनचौपाल में जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, एस.डी.एम गरियाबंद भूपेन्द्र साहू, एसडीएम राजिम पूजा बंसल, देवभोग एस.डी.एम अर्पिता पाठक डिप्टी कलेक्टर चांदनीं कंवर सहित समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।



# भेजरीपदर हिंसा का मामला ध्यानाकर्षण के जरिये विधानसभा में उठाया जाएगाः भाजपा

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी भेजरीपदर की हिंसा का मुद्दा ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जरिये उठाएगी। भेजरीपदर पहुंची भाजपा की जांच समिति के सदस्य वरिष्ठ भाजपा विधायक व पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर ने आदिवासियों को यह भरोसा दिलाया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव द्वारा भेजरीपदर मामले की जांच हेतु गठित 06 सदस्यीय जांच समिति ने भेजरीपदर पहुंचकर घटनास्थल पर सभी बिन्दुओं पर ग्रामीणों से चर्चा की। समिति शीघ्र ही अपना प्रतिवेदन भाजपा प्रदेश इकाई को सौंपेगी। प्रदेश भाजपा विधायक व पूर्व मंत्री श्री कंवर ने ग्रामीणों से चर्चा के दौरान प्रदेश की कांग्रेस सरकार को आदिवासियों की सुरक्षा के मोर्चे पर विफल बताया और कहा कि अपने राजनीतिक संरक्षण में धर्मांतरण का घातक एजेंडा चला रही प्रदेश की बघेल सरकार पहले नारायणपुर और अब भेजरीपदर, दो-दो जगह बुरी तरह विफल हुई है। श्री कंवर ने कहा कि धर्मांतरण कराने वाले और धर्मांतरित लोगों द्वारा मूल आदिवासियों के साथ-साथ पुलिस पर भी हमला बोलकर हिंसा का तांडव मचाया गया, लेकिन शासन-प्रशासन अब भी खामोशी ओड़े बैठा है। घटनाक्रम से जुड़े तमाम बिन्दुओं का तथ्यपरक विश्लेषण करने पहुंची समिति के समक्ष भारी संख्या में आदिवासियों ने घटना का ब्यौरा देते हुए बताया कि धर्मांतरण कराने और करने वालों ने हिंसा की और पुलिस पर हमला किया। घटना स्थल पर समिति के समक्ष हमले में बुरी तरह जख्मी आदिवासी भी उपस्थित थे। श्री कंवर ने आश्चर्य व्यक्त किया कि हिंसा के इस तांडव के बावजूद शासन-प्रशासन के स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। पूर्व मंत्री श्री कवंर ने पीड़ित मूल आदिवासियों को भरोसा दिलाया कि वे इस मामले को विधानसभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जरिये उठाकर पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबध्द हैं। श्री कंवर ने कहा कि प्रदेश सरकार आदिवासियों को न्याय नहीं देगी, लेकिन भाजपा इन पीड़ित मूल आदिवासियों को न्याय दिलाएगी। अब मूल आदिवासियों को किसी तरह के दबाव से मुक्त होकर एकजुटता के साथ खड़े रहना है। भाजपा द्वारा गठित इस जांच समिति में श्री कंवर के अलावा पूर्व सांसद व अअजा मोर्चा के राष्टीय कोषाध्यक्ष दिनेश कश्यप, पूर्व प्रदेश महामंत्री किरण देव, पूर्व विधायक द्वय बैदूराम कश्यप व राजाराम तोड़ेम तथा प्रदेश कार्य समिति विशेष आमंत्रित सदस्य शिवनारायण पांडेय सम्मिलित थे।

# पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने विधानसभा में उठाया भ्रष्टाचार व अनियमित्ता का मुद्दा

## कांग्रेस के शासनकाल में हो रहे भ्रष्टाचार को भाजपा ने सिद्ध करके दिखाया है


पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने विधानसभा परिसर में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि वन विभाग के प्रश्न में मंत्री जी ने अनियमित्ता को स्वीकार किया है और स्वीकार करने के बाद में दोषियों को सस्पेंड भी किया है, परन्तु इसका मुख्यरुप से जवाबदार अधिकारी डी.एफ.ओ है और उस पर कार्यवाही होनी चाहिए, इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा भाजपा ने जिस भी विभाग पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है और जितने भी भ्रष्टाचार के मामलें सामने आ रहे हैं यह बात विधानसभा परिसर में साबित हो रही है। कौशिक ने कहा कि कांग्रेस सरकार के शासन काल में लगातार भ्रष्टाचार हो रहा है, लगातार अनियमित्ता हो रही है। चाहे वह डी.एम.एफ का मामला हो, केम्पा का मामला हो या अन्य मद में जो भी कार्य कराए जा रहे है उसमें यह साबित हो रहा कि छत्तीसगड़ में भ्रष्टचार कि नदिया बह रही है। उन्होंने कहा कि यह बात केवल भाजपा ही नहीं अब तो सत्ता पक्ष के विधायकों द्वारा भी हो रहे भ्रष्टाचार को स्वीकार किया गया हैं, कांग्रेस के विधायक ही कांग्रेस सरकार को घेरने कि कोशिश कर रहे हैं और सरकार इसे स्वीकार भी कर रही है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कौशिक ने कहा कि भाजपा ने इस बात को सिद्ध किया है कि कांग्रेस के शासनकाल में छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार की नदिया बह रही है।






# मजबूत वैश्विक छवि के लिए एकजुटता की शर्त

भारत में जी-20 सम्मेलन के सिलसिले में पिछले कुछ महीनों से राजनयिक मोर्चे पर नाना प्रकार की गतिविधियां हुई हैं। दुनियाभर से विभूतियां पहुंची हैं। आयोजन को सफल बनाने में विदेश मंत्रालय विदेशों में काफी सक्रिय रहा है। आने वाले महीनों में भी, राजनयिक गतिविधियां तेज गति से जारी रहेंगी। किन्हीं मामलों में पश्चिमी देश भारत को लुभाते नज़र आते हैं तो कुछ में दरकिनार करते हुए। अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति का चक्र निरंतर घूमता रहता है- न कोई स्थाई मित्र, न स्थाई शत्रु, केवल स्वहित चिरस्थाई।



अपनी 140 करोड़ से ज्यादा की आबादी के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था, जो पिछले दो दशकों से ज्यादा से दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती आर्थिकियों में एक रही हो और जिसकी स्थिति इस उप-महाद्वीप में सामरिक रूप से भी काफी महत्वपूर्ण हो, उसको अपने पाले में लाने के यत्न समझे जा सकते हैं। हालांकि बताना चाहूंगा कि हमारे हित सुरक्षित रहें- घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय - इस हेतु एक सफल विदेश नीति बनाने के लिए कुछेक पूर्व अपेक्षित शर्तों का होना जरूरी है। सर्वप्रथम, एक सुरक्षित एवं स्थिर भारत होना अति आवश्यक है। अगर हम अपनी सीमाओं के अंदर मजबूत और सतत होंगे तभी तो विदेशों में अपनी छवि चमका पाएंगे। हमें पूरे देश को संपूर्णता से देखना चाहिए। हर तरह की विचारधारा और लोगों को साथ लेकर चलना होगा। नीतियां तय करने और उनके क्रमिक विकास में, आपसी मनमुटावों को अलहदा रखना होगा। यह प्रथा विगत में रही, जब सत्ता पक्ष विपक्षियों को भरोसे में लेकर सर्वसम्मति बनाता रहा। जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी, अटल बिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह की सत्ता के दिनों में यह एक परिपाटी थी। मुझे यकीन है कि आगे भी यह रिवायत कायम रहेगी बल्कि इसे और मजबूत किया जाए। मौर्य और गुप्त साम्राज्य का भारतवर्ष बहुत विशाल था। वह युग 'स्वर्ण काल' के रूप में जाना जाता है। चंद्रगुप्त मौर्य ने एक बहुत सफल प्रशासनिक व्यवस्था स्थापित की थी। खम्बों पर खुदे सम्राट अशोक के लोक-कल्याणक प्रवचन तो जगप्रसिद्ध हैं। कलिंग युद्ध के बाद वाला काल शांति और धार्मिक सहिष्णुता के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। इस दौरान घरेलू और विदेशी व्यापार एवं कृषि का विकास हुआ, ज्ञान-विज्ञान की उन्नति हुई। मैंने भारत के इन युगों का जिक्र इसलिए किया क्योंकि यह अंदरूनी रूप से शक्तिशाली भारत था, जिसके सामर्थ्य का डंका विदेशों में बजा। व्यापार ने बहुत ऊंचाई को छुआ और भारत की सभ्यता का प्रभाव देश-देशांतर तक फैला। सिल्क रूट और ग्रैंड-ट्रंक रोड से होते हुए, मसालों के साथ-साथ, भारत से बौद्ध और जैन धर्म बतौर एक विचार और धर्म विदेशों तक जा फैले। भारतीय मसालों की भांति हमारी सभ्यता और विचारधारा की खुशबू विदेशों में फैली। दक्षिण भारत की रियासतों ने नौवहनीय दक्षता हासिल की, जिसके उपयोग से अन्य देशों से व्यापारिक रिश्ते बने और उन्हें प्रभावित किया। अब समय है कि हम विश्व को अपना एकजुट स्वरूप पेश करें। वह एकीकृत भारत जो मजबूत, स्थिर संस्थानों और बढ़िया प्रशासनिक ढांचे वाला हो। पर यह हो नहीं रहा, नतीजतन जो हमारी छवि है वह आपसी फूट, कटुता और धार्मिक एवं जातीय लीक पर ध्रुवीकरण वाली है। वह काम जो वास्तव में उन्हें करना चाहिए, उसकी बजाय हमारे संस्थान निढाल पड़े हैं और अपनी विधिक जिम्मेवारी निभाने के प्रति ढुलमुल। संसद और राज्यों की विधान सभाएं अब सार्थक बहस का मंच और अधिक न होकर अराजकता का मंज़र पेश करती हैं। उच्च न्यायपालिका का कार्यपालिका से टकराव लगता है। उधर 'हम भारत के लोग' यानि जनता अनेकानेक दबावों-खिंचावों की वजह से हैरान-परेशान है। अगर यह वही तस्वीर है जो हम पेश कर रहे हैं, तब कैसे एक भरोसेमंद विदेश नीति बन सकेगी?

बात वापस विदेश नीति की करें, शुरुआत अपने एकदम पास-पड़ोस यानि पाकिस्तान, चीन, नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश, म्यांमार और भूटान से करें। पहले दो को छोड़कर, बाकी के पांच काफी छोटे देश हैं, जिनके साथ हम अपने संबंध व्यापार और अन्य नीतियों के जरिये मजबूत कर सकते थे। इन पांचों के साथ अब चीन ने पींगें बढ़ा ली हैं। यहां तक कि बांग्लादेश और भूटान को भी चीन बेतरह डोरे डाल रहा है। चीन ने श्रीलंका, म्यांमार और पाकिस्तान में बंदरगाह सुविधाएं पाकर हमारे एकदम पड़ोस में अपनी सैन्य पैठ बना ली है। 'वन बेल्ट, वन रोड' नीति तो बनाई ही इसलिए गई है ताकि चीन के प्रभाव का विस्तार घरेलू सीमाओं से परे विदेशों में भी हो सके। गौरतलब है कि यूरोप के छोटे-छोटे मुल्क, जो लंबे समय से यूक्रेन के पड़ोसी मित्र रहे हैं, आज वही उसके शरणार्थियों को अपने यहां प्रथम मानवीय सहायता मुहैया करवा रहे हैं। अब अमेरिका, ब्रिटेन, रूस और मुख्य यूरोपियन शक्तियां, भारत को अपने पाले में लाने के लिए लुभाने में लगी हैं।

लेकिन जाया किसके साथ जाये, लगता है हमें ज्यादा मालूम नहीं है। परंतु, आखिर कबतक हम 'एकला चलो' बने रहेंगे? धीरे-धीरे चूड़ियां कसी जा रही हैं और किसी खांचे में फिट होने का दबाव बढ़ता जा रहा है। क्वाड नामक गुट में हमारे लिए अबतक कुछ ठोस नहीं निकल पाया है, जबकि इसका 'ऑकस' (आस्ट्रेलिया-यूएस-यूके) घटक ऑस्ट्रेलिया में परमाणु पनडुब्बियां बनाने के लिए तकनीक साझा करने जा रहा है। अंतरिम तौर पर, अमेरिका और यूके ऑस्ट्रेलिया को तीन परमाणु पनडुब्बियां मुहैय्या करवाएंगे और आगे यह भी पता चला है कि टॉमहॉक मिसाइलें भी। क्वाड गुटबंदी के तहत जितना कुछ ऑस्ट्रेलिया को दिया जा रहा है, उसके बरक्स भारत को मूर्त रूप में बहुत कम मिल रहा है।

दुनिया में ऊंचा रुतबा रखने वालों में यदि हम खुद को देखना चाहते हैं तो अपनी छवि एक ऐसे राष्ट्र की पेश करनी होगी जो सुरक्षित, मित्रों से सतत दोस्ती रखने वाला, प्रभावशाली और संस्थानों की सर्वश्रेष्ठता से युक्त है। अगर चीन हमारे पड़ोसियों को प्रभावित कर सका है, तो हम क्यों नहीं वियतनाम, कम्बोडिया, फिलीपींस और प्रशांत महासागर क्षेत्र के द्वीपीय मुल्कों पर ध्यान केंद्रित करते, बल्कि वे हमारा स्वागत करेंगे। यह कैसे संभव है कि चीन ने अनहोनी को होनी बनाते हुए दो पुराने कट्टर दुश्मन यानि ईरान और सऊदी अरब के बीच दोस्ती करवा दी और हमें भनक तक नहीं लगी? एक झटके से समूचे पश्चिम एशिया की तस्वीर बदल गई है।

जिस वक्त मैं यह लेख लिख रहा था, ठीक उसी समय ईरान के विदेश मंत्री यूएई जा रहे थे।

## संपादकीय

# अलगाव पर शिकंजा

आखिरकार राज्य में लगातार तीखे होते अलगाव के सुरों पर शिकंजा कसने की दृढ़ इच्छा शक्ति का प्रदर्शन करके पंजाब पुलिस-प्रशासन ने वक्त की जरूरत का अहसास किया है। सदियों से गुरुओं व ऋषियों की समरसता की वाणी से पंजाब महकता रहा है। लेकिन विडंबना है कि इस संवेदनशील सीमावर्ती राज्य में विभिन्न राजनीतिक दलों ने गाहे-बगाहे अपने राजनीतिक स्वार्थों को तरजीह दी है। जिसका खमियाजा राज्य ने एक काले दौर के रूप में देखा। जिसमें हजारों निर्दोष लोगों को जीवन गंवाना पड़ा व आर्थिक तरक्की की राह में राज्य पिछड़ गया। हमें शांति स्थापना के लिये जे.एफ. रिबेरो व के.पी.एस् गिल जैसे कुशल पुलिस प्रशासकों का योगदान याद रहे। हाल के दिनों में फिर तल्ख सुरों को हवा दी जा रही थी। प्रश्न है कि दल विशेष के सत्ताच्युत होने पर ही क्यों राज्य में अलगाव के सुर मुखर होते हैं। जिससे संप्रदाय विशेष असुरक्षित महसूस करता है। वहीं राष्ट्रीय एकता को चुनौती पैदा होती है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री भगवंत मान की केंद्रीय गृहमंत्री से मुलाकात के बाद बड़ी कार्रवाई के संकेत मिले थे। खासकर राज्य में बड़ी संख्या में केंद्रीय सुरक्षा बलों की बटालियनों की तैनाती को केंद्र-राज्य सरकारों के साझे कदम के रूप में देखा गया। दरअसल, शांति बनाये रखने के लिये शासन-प्रशासन की सतर्कता जरूरी है। आखिरकार पंजाब पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों के साथ तालमेल बनाकर राज्य में अलगाव के सुरों को सींचने वाले तत्वों पर कड़ा शिकंजा कसा है। यह कार्रवाई वक्त की जरूरत भी थी क्योंकि विगत में राज्य ने अलगाववादी दौर में बड़ी कीमत चुकाई है। आज जो शांति राज्य में नजर आ रही है, उसकी कीमत राज्य के लोग जानते हैं। बहरहाल, हालिया प्रकरण में बड़ी संख्या में गिरफ्तारियों तथा असले की बरामदगी से साफ है कि अलगाववादी तेवरों को अब सरकारें स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। विवादित अलगाववादी नेता विगत कुछ समय से प्रदेश के पुलिस-प्रशासन के लिये चिंता का सबब बना हुआ था। कई घटनाक्रम इशारा कर रहे थे कि वह कानून-व्यवस्था के लिये बड़ी चुनौती बनता जा रहा था। खासकर पिछले दिनों अजनाला थाने पर अपने एक साथी को छुड़ाने की विरल घटना ने सरकार व पुलिस विभाग को चिंता में डाल दिया था। यह महज कानून व्यवस्था के लिये ही चुनौती नहीं थी बल्कि राज्य में सदियों से स्थापित सांप्रदायिक सद्भाव के लिये खतरा उत्पन्न हो गया था। निस्संदेह, देर से सही, राज्य पुलिस-प्रशासन ने अलगाववादियों पर शिकंजा कस ही दिया। यह जानते हुए कि पड़ोसी मुल्क से युवाओं को पथभ्रष्ट करने की साजिश लगातार की जाती रही है और ड्रोन के जरिये नशीले पदार्थ, हथियार व नगदी भारतीय सीमाओं में गिरायी जा रही है। बहरहाल इस चुनौती के मुकाबले के लिये शासन-प्रशासन के साथ नागरिकों के स्तर पर भी शांति स्थापना के लिये गंभीर प्रयासों की जरूरत है।

# ग्रामीण विकास की शर्त

पिछले दिनों हरियाणा में विकास कार्यों में ई-टेंडरिंग के दायरे तथा अन्य मुद्दों को लेकर सरपंच सरकार से टकराव के मूड में नजर आये। यहां तक कि यह विरोध सड़कों तक में नजर आया। ऐसे वक्त में जब अगले साल आम चुनाव हैं और फिर राज्य विधानसभा के चुनाव होंगे, सरकार छोटी संसदों के नुमाइंदों से टकराव लेने का जोखिम नहीं उठाना चाहेगी। फिर आंदोलनकारी सरपंचों के मान-मनौव्वल की कोशिश भी हुई। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कालांतर घोषणा की कि पांच लाख रुपये तक के विकास कार्य ई-टेंडरिंग से मुक्त होंगे। साथ ही सरपंचों व पंचों का मानदेय भी बढ़ाया गया है। दरअसल, ग्रामीण विकास से जुड़ी छोटी इकाइयों के जरिये होने वाले विकास में पारदर्शिता के सरकार के प्रयासों को सरपंचों ने अपने अधिकारों का अतिक्रमण माना। इसमें दो राय नहीं कि विकास कार्यों में पारदर्शिता के लिये इलेक्ट्रॉनिक वित्तीय प्रणाली के उपयोग से सार्थक परिणाम सामने आये हैं। ऐसे में ग्राम पंचायतों में वित्तीय अनुशासन के लिये यदि ई-टेंडरिंग का क्रियान्वयन होता है तो उसे किसी के अधिकारों व ईमानदारी पर सवाल नहीं माना जाना चाहिए। यह वित्तीय पारदर्शिता की आवश्यक शर्त भी है। सरकार कह भी चुकी है कि करीब ग्यारह सौ पूर्व सरपंचों ने अभी तक अपने गांव के विकास रिकॉर्ड नहीं सौंपे हैं। बताते हैं कि इस बाबत हुई जांच में दलील दी गई कि रिकॉर्ड जल गये, गंदे हो गये या बह गये। निस्संदेह, ऐसे तर्क कई सवालों को जन्म देते हैं और इलेक्ट्रॉनिक प्रक्रिया से वित्तीय अनुशासन की जरूरत बताते हैं। निस्संदेह, ग्रामीण विकास से जुड़े वित्तीय व्यवहार का रिकॉर्ड सावधानी पूर्वक रखा जाना चाहिए। इस प्रक्रिया में जहां सरपंचों की जवाबदेही बनती है, वहीं ग्रामीणों के स्तर पर जागरूक व्यवहार किये जाने की उम्मीद की जानी चाहिए। कई बार नागरिकों की तटस्थता और उदासीन व्यवहार से अनियमितताओं को बढ़ावा मिलता है। विकास कार्यों के रिकॉर्ड के बाबत दी गई दलीलें इस बात को और जरूरी बनाने पर बल देती हैं। निस्संदेह, इस तरह के गैरजिम्मेदार वित्तीय व्यवहार के आलोक में सरपंचों की मांगें कई सवालों को जन्म देती हैं।

# गुणवत्ता के संसदीय व्यवहार की उम्मीद

बहुत जल्द ही हम 142 करोड़ की जनसंख्या का आंकड़ा छू लेने के बाद दुनिया में सबसे बड़ी आबादी वाला देश बन जाएंगे। भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। लेकिन हम इस युवा शक्ति का बेहतर इस्तेमाल नहीं कर पाये।? उम्मीद थी कि हमारे जनप्रतिनिधि आम लोगों की आवाज को उठाएंगे और देश के विकास को नई?ऊंचाइयां देंगे। देश शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की राह पर एक ऐसे प्रजातांत्रिक समाजवादी ढांचे की स्थापना करेगा, जिसमें अमीर और गरीब में कोई भेद नहीं होगा। हर नौजवान को उसकी योग्यता के अनुसार रोजी-रोजगार मिल जाएगा। देश अपनी आयात निर्भरता से छुटकारा पा लेगा।




वैश्विक सर्वेक्षण बताते हैं कि इस देश का आम नागरिक अपने जनप्रतिनिधियों की सार्थकता में विश्वास करता है, उनके द्वारा हर नये चुनावी एजेंडे में होने वाली घोषणाओं की सफलता की उम्मीद रखता है। उसकी अपेक्षा जनप्रतिनिधियों से होती है कि वे ज्वलंत मुद्दों को उठाएंगे, उस पर तार्किक बहस करेंगे। व्यर्थ एक-दूसरे की छीछालेदर में नहीं उलझेंगे। स्पष्ट है कि लोकतंत्र का मस्तिष्क है उसकी संसद और उसकी विधानसभाएं। यहां हर आम नागरिक अपना सौभाग्य तलाशता है, लेकिन बार-बार उसे निराशा क्यों मिलती है? वहां जरूरी मुद्दों को बहस के बजाय जल्दबाजी में विधेयक पारित कर दिए जाते हैं।

देश के सामने बहुत से जटिल मुद्दे दरपेश हैं। सवाल यह है कि महामारी से छुटकारा पाने के बाद भी देश विकास पथ पर द्रुत गति से क्यों नहीं बढ़ रहा? बेरोजगारी की समस्या क्यों दिन-रात जटिल होती जा रही है? महंगाई नियंत्रण का हर दावा क्यों धराशायी नजर आता है? भ्रष्टाचार की शून्य सहनशीलता के नारों के बावजूद भ्रष्टाचारी क्यों सामाजिक और प्रशासनिक जीवन में नजर आते हैं। लेकिन जनप्रतिनिधि संस्थाओं में हंगामा और कोलाहल देखकर यही लगता है कि वही ढाक के तीन पात हैं।

संसद में बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन 2022-23 के लिए अनुपूरित मांगों के बीच दूसरे बैच का दस्तावेज पेश होना था और वर्ष 2023-24 के लिए केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर का बजट भी पेश होना था। लेकिन सत्र पर हावी हो गया कोलाहल, हंगामा और सत्तापक्ष और विपक्षियों के बीच वाद-प्रतिवाद। कहना कठिन है कि देश की गरिमा राहुल गांधी के विदेश में बयानों ने गिरा दी या देश की गरिमा संसद में अप्रिय व्यवहार ने। बजट सत्र के पहले चरण में बजट तो पेश हो गया, मगर शेष सामान्य नहीं रहा। लेकिन सवाल यह था कि हिंडन रिपोर्ट और शेयर मार्किटों में अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव और विदेशी निवेश के पलायन, विकास या उसकी क्षतिपूर्ति पर बहस क्यों नहीं होती?


बहस तो यह होनी चाहिए थी कि इस बजट ने जनता की अपेक्षाओं को कितना पूरा किया? उनके लिए नौकरी के कितने अवसर देने का वादा किया। उनकी शिक्षा को कितना व्यावहारिक बनाने का प्रयास किया? सवाल यह है कि डिजिटल और इंटरनेट क्षमता से परिपूरित होते भारत में ठगों को खुला खेलने से कैसे रोका जाए? अपने पर गंभीर चर्चा मांग रही है। निस्संदेह, सरकार की पहली प्राथमिकता तो इस सत्र में वित्त विधेयक पारित करवाने की है। रेलवे, पंचायती राज, पर्यटन, सेहत और संस्कृति विभागों से जुड़े अनुदानों की चर्चा करने से है। इधर जहां एक ओर रूस से जारी यूक्रेन-युद्ध की तनातनी, रूस और अमेरिका के बीच संतुलन बिठाने की कूटनीति के खतरे वहीं महंगाई, बेरोजगारी और केन्द्रीय एजेंसियों के कथित दुरुपयोग के मुद्दे ऐसे हैं जिनमें सच-झूठ की पहचान हो।

दरअसल, यह बजट सत्र का दूसरा भाग 13 मार्च से शुरू होकर 6 अप्रैल तक चल रहा है। समय बहुत है लेकिन इसका एक क्षण भी व्यर्थ नहीं होना चाहिए। हर बार लोकतंत्र की गरिमा का ध्वज उठाते हुए संसदीय परम्पराओं के प्रति गर्वित होते हुए भी क्यों इस तरह के ओछे आक्षेप जनप्रतिनिधि एक-दूसरे पर उछालते नजर आते हैं। विपक्षी नेताओं के माइक बंद करने के आरोप हैं। दूसरी ओर देश का सत्तापक्ष यह कहता है कि भारत की गरिमा को विदेशों में बने रहना सर्वोपरि है और जो नेता इसके विरुद्ध अपनी छवि बनाने के लिए विरोधी विचार व्यक्त करता है, उसे हम राष्ट्र विरोधी मानते हैं।

लोकसभा अध्यक्ष ने तो बार-बार कह दिया कि लोकसभा के सदस्य अपने विचार व्यक्त करने के लिए स्वतंत्र हैं लेकिन याद रखा जाए कि ये विचार जनहित की समस्याओं की गहरी पैठ करने वाले हों। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अर्थ यह नहीं है कि कोई व्यक्ति कितना ऊंचा चिल्ला सकता है। बार-बार संसद के सत्रों का कोलाहल और हंगामे की वजह से स्थगित करवा सकता है। यह न देश में और न ही विदेश में भारतीय लोकतंत्र की गरिमा को बढ़ाता है। आजकल सदन की कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग जनप्रतिनिधियों के बेहतर व्यवहार की चेतावनी हो। कहीं जनता अपने आप को राह में छूट गया महसूस करती है।

# शायरी का सर्टिफ़िकेट

चाय का एक घूंट जैसे ही मिश्रा जी के हलक के अन्दर गया कि एक शे'र बाहर निकला। चाय की प्याली नहीं है, ज़िन्दगी का स्वाद है, मेरे जैसे शायरों को आब-ओ-गिल है, खाद है। पास खड़े एक आदमी ने पूछा तो बोले, बन्दे को शायर कहते हैं। शायर फ़लाना मिश्रा। मगर आप का नाम-वाम तो कहीं सुना नहीं? भाई जान! हम फ़कत 'नाम' के शायर नहीं 'सचमुच' के शायर हैं, काम के शायर हैं, कलाम के शायर हैं, अवाम के शायर हैं। 'मगर आप को किसी मंच पर देखा नहीं।' मिश्रा जी को बात लग गई। 'भई पाठक! अब शायरी करने का ज़माना नहीं रहा, सोचता हूं शायरी करना छ?ड़ दूं।' अपनी अन्तर्वेदना उड़ेलते हुए फ़फ़क पड़े। लोगों में अब शायरी समझने की तमीज नहीं रही।




कितनी बार कहा तुम से कि अपने नाम के आगे शायर लिखा करो वरिष्ठ शायर लिखा करो क़ौमी शायर लिखा करो। बहुत से लोग लिखते हैं आजकल अपने नाम के आगे फ़ेसबुक पर, ह्वाट्स अप पर शायर अलाना सिंह, शायर फ़लाना सिंह। कुछ तो 'भूतपूर्व' शायर भी लिखते हैं अपने नाम के आगे। आजकल तो यह भी चल पड़ा है, मोटर ड्राइविंग सीखें 7-दिन में- की तर्ज़ पर ग़ज़ल कहना सीखें 7-दिन में। 'आन-लाइन' क्लास भी चला रहे हैं। एडमिशन क्यों नहीं ले लेते एकाध मंच पर? जेब में सर्टिफ़िकेट रहता तो वह आदमी क्या 'चालान' कर पाता तुम्हारा? मार न देते एक सर्टिफ़िकेट उसके मुंह पर कि दुबारा जुर्रत न करता।

एक महीने बाद-मिश्रा जी पधारते भए। आंखों में चमक थी- मन में आत्मविश्वास। आते ही आते 15-20 शायरी के प्रमाण-पत्र, सम्मान-पत्र, सनद, कुछ पत्रिकाओं की कतरन पटक दिए मेज पर। मैं वह तमाम सर्टिफ़िकेट देखने लगा। किसी ने 'ग़ज़ल श्री' सम्मान दिया, किसी ने ग़ज़ल गौरव कहा। किसी ने उन्हें महान गजलकार बताया था। कोई उन्हें सर्वश्रेष्ठ का सम्मान दे रहा था। एक मंच वाले ने हद कर दी जब इन्हे '21वीं सदी का आख़िरी महान शायर' का ख़िताब दे दिया था। मिश्रा जी का सीना चौड़ा था। वाणी में ओज। आत्मविश्वास से लबरेज।

मिश्रा जी! एक बात कहूं? कि वह आदमी ग़लत नहीं कह रहा था। इससे पहले कि मिश्रा जी अपना कोई 'सुभाषित वाक्य' मेरे सम्मान में उचारते, मैंने भाग जाना ही उचित समझा। अस्तु। अगर इस व्यंग्य व्यथा से कोई 'मिश्रा जी' आहत हुए तो यही कहना है- तुम्हारी बात नहीं, बात है ज़माने की।

# जमुना आटो कम्पनी द्वारा थाना पुलिस बल सहित थाना प्रभारी का किया सम्मान





**पुष्पांजली टूडे. मालनपुर संवाददाता पहलवान सिंह राजावत**

मालनपुर उद्योग क्षेत्र के थाना पुलिस बल उद्योग क्षेत्र इंडस्ट्रीज लिमिटेड कंपनी जमुना आटो द्वारा किया सम्मान गया मालनपुर थाना कार्यवहक थाना प्रभारी उपनिरीक्षक बलवंत सिंह यादव के कार्यकाल में उद्योग क्षेत्र में जो भी घटनाएं घटित हुई जैसे कि अवैध शराब बेचने वाले जुआड़ी या क्षेत्र में चोरी करने के साथ-साथ मजनूओ पर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर जेल भेजा ब चोरियां बरामद कर यादव की कड़ी मेहनत लगन से अपना उत्तरदायित्व निभाया था उसी क्रम में 14 फरवरी 2023 को जमुना ऑटो के पास में बने गोदाम से रात्रि में स्थानीय चोरों ने कमानी लोहे पटे आदि सामान चोरी किया जिसकी कंपनी प्रबंधक ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई जिस पर कार्यवहक थाना प्रभारी एस आई बलवंत सिंह यादव ने 24 घंटे में समूचा सामान बरामद कर अपराधियों को जेल भेजने की कार्रवाई कर अच्छा कार्य किया था ईसी क्रम में जमुना ऑटो कंपनी के प्रबंधकों एवं जनशक्ति फेयरवेल सोसायटी की ओर से माला पहनाकर सोसायटी द्वारा प्रशंसा पत्र दिया गया जिन कर्मचारियों ने मेहनत की थी उन सभी को प्रशंसा पत्र व मिठाई खिलाकर उनका उत्साह वर्धन किया इस सराहनीय कार्य के लिए थाना मालनपुर पुलिस बल का स्वागत तो बनता है परंतु इस क्षेत्र में पूर्व में भी कई बड़ी-बड़ी चोरियां हुई और बरामद हुई लेकिन कभी भी थाना प्रभारी व बल का स्वागत सम्मान नहीं हुआ यह इस प्रकार का सम्मान पहला माना जा रहा है इस स्वागत सम्मान में थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह मावई ,पूर्व थाना प्रभारी बलवंत सिंह, यादव प्रधान आरक्षक राघवेंद्र शुक्ला , आरक्षक नवीन तोमर, आरक्षक पंकज तोमर, आरक्षक आदित्य गुर्जर ,का फूल मालाओं व प्रशंसा पत्र एवं मिठाई खिलाकर सम्मान किया सम्मान करने वाले अरुणेश सिंह भदोरिया राष्ट्रीय अध्यक्ष जनशक्ति फेयरवेल सोसाइटी, प्रवक्ता जनशक्ति फेयरवेल सोसायटी नरेंद्र काकवानी, महेंद्र सिंह, प्रदेश संरक्षक जनजाति वेलफेयर सोसायटी, गोदाम इंचार्ज अनिल विरथरे, जमुना आटो आदि कमचारियों ने स्वागत किया।

# छिन्नमस्ता देवी मंदिर पर हुई महाआरती व प्रसाद वितरण

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

दबोह। नगर दबोह के बीचो बीच स्तिथ छिन्नमस्ता देवी मंदिर पर हिन्दू नववर्ष के चलते प्रथम दिन महाआरती की गई साथ ही प्रसादी वितरण भी की गई।यहां बता दें कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र पर नगर दबोह में छिन्नमस्ता देवी मंदिर पर दोपहर ठीक 12 बजे महाआरती की गई तदोपरांत माता को प्रसाद लगाया गया।जिसके बाद प्रसादी का वितरण किया गया।जिसमे हजारो कई सैंकड़ा भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया।यह आयोजन नगर के व्यापारियों व नगरवासियों के सहयोग से हर वर्ष आयोजित होता है।मन्दिर के पुजारी पँडित श्री कृष्ण दत्त मिश्रा ने बताया कि चैत्र नवरात्र पर सभी के सहयोग से मन्दिर को सजाया जाता है और महाआरती की जाती है जिसके बाद सभी को प्रसाद भी वितरण किया जाता है।

**आवास ग्रह पर भी भक्तो ने लगाया स्टॉल**-हिन्दू नववर्ष के चलते भक्तो में भारी उत्साह देखने को मिला।जिसके चलते माँ रणकौशला देवी मंदिर जाने वाले रास्ते मे आवास ग्रह पर भक्तो द्वारा इस गर्मी के मौसम में तपती धूप में मन्दिर आने जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए ठंडे शरबत का स्टॉल लगाकर उन्हें शरबत वितरण किया गया।



**नगर में ने भगवा झंडों के साथ युवाओ ने निकाली विशाल शोभा यात्रा**-हिन्दू नववर्ष व चैत्र नवरात्रि के आगमन पर नगर में हिन्दू युवा वाहिनी,विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने संयुक्त रूप से बड़े ही हर्षोल्लास के साथ एक विशाल शोभा यात्रा भगवा झंडों के साथ निकाली।शोभा यात्रा पतारा बाग से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए छिन्नमस्ता देवी मंदिर पर समाप्त हुई।जहां पर मन्दिर पर समापन के दौरान सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कर यात्रा का समापन किया गया।


## पॉन ब्रोकर एवं ज्वेलर्स एसोसिएशन की आम सभा आयोजित

**पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सेंणचा**



चेन्नई- तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन चैन्नई 12 कि आम सभा दिनांक 21मार्च 2023 मंगलवार रात 8बजे पटालम स्थित शान्ति भवन मे आयोजित कि गई इस कार्यक्रम मे भारतीय उधोग व्यापार मंडल के वरिष्ठ राष्टीय महामंत्री ऐवम तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष स्वामी तेजानन्द मुख्यअतिथि के रुप में सामिल हो कर आम सभा को सम्बोधित करते हुए स्वामी तेजानन्द ने आवान किया कि तामीलनाडु के सभी गिरवी ऐवम ज्वेलर्स व्यापारी कानून के दायरे मे रह कर व्यापार करे वह किसी किमत पर अन्जान ग्राहक से कोई कोई लेन देन नही करे साथ हि स्वामी तेजानन्द ने कहा कि व्यापारी जिस तरह गिरवी रखने का बिल बनाकर लेन देन करते उसी तरह पुराने आभूषण का बिल बनाकर लेन देन करे जो व्यापारी बिल बनाकर लेन देन नही करेंगे उस व्यापारी का सघंठन किसी भी कीमत पर प्रबालम होने पर साथ नही देंगा इस आम सभा मे तामीलनाडु व्यापारी सघंठन के प्रदेश अध्यक्ष टि वेलयन प्रदेश महासचिव एस सोऊन्द्रराजन प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष के देवराज तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन चैन्नई 12 के राजेन्द्रकुमार जैन सन्तोशकुमार जैन जम्बुकुमार जैन ऐरीया के सभी पदाधिकारिगण वह सदस्यों ने भाग लिया ।

## घोटी घुसमारा में संगमरमर से बनी माता रानी के मुर्ति की स्थापना



**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

चैत्र नवरात्रि की शुरुआत बुधवार 22 मार्च से हो रही है और इसका समापन 30 मार्च 2023 को होगा। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन घटस्थापना या कलश स्थापना की जाती है और इसके साथ ही पूरे 9 दिनों तक माता रानी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। इसी कड़ी में विकासखण्ड लांजी अंतर्गत आने वाले ग्राम घोटी घुसमारा के देवी मंदिर में बड़े ही भक्तिभाव एवं धूमधाम के साथ नवरात्रि पर्व का आयोजन किया गया है। ग्राम के निवासी रूपचंद मुरकुटे के द्वारा माता रानी की संगमरमर से बनी प्रतिमा भेंट की गई जिसकी स्थापना पंडित तुलेन्द्र पाठक, पंडित शिवप्रसाद पांडे एवं सहयोगी ब्राम्हण के द्वारा विधि विधान पूर्वक की गई। तथा हवन पूजन के साथ दुर्गा चालीसा पाठ किया गया। देर शाम मंदिर में जोत जवारा बोया गया और मनोकामना कलश एवं घट प्रज्वलित किया गया। ज्ञात हो कि एक दिन पूर्व भव्य कलश यात्रा ढोल बाजे एवं रथ पर माता रानी की मुर्ती का पुरे गांव में भ्रमण कराया गया। वहीं विशाल भंडारा का भी आयोजन किया गया है। 25 मार्च की रात्रि में हरी भक्त परायण गुलाबचंद खोबरागड़े गुरूजी के द्वारा हरि किर्तन की आध्यात्मिक ज्ञान रूपी वर्षा की जाएगी, जिसे श्रवण करने के लिए तथा नवरात्र पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ग्राम घोटी घुसमारा के सभी आध्यात्मिक विचारधारा से जुड़े लोगों ने उपस्थित होने की अपिल की है।

# हिन्दू नववर्ष के अवसर पर कवियों ने बांधा समां

### कवि सम्मेलन से समाज को नई चेतना एवं उमंग मिलती है : अतुल रमेश पाठक

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । हिंदू नव वर्ष , गुड़ी पड़वा एवं चैत्र नवरात्रि के अवसर पर गजबदन मैरिज गार्डन अटेर रोड पर विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें कवियों ने अपनी काव्य रचना से समा बांधा। कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अतुल रमेश पाठक,अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष अशफाक खान समाजसेवी रोहित शर्मा एवं विकास बंसल द्वारा किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता एवं मां सरस्वती की तस्वीर के सामने माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

**इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय कवि**- डॉ. सुनील त्रिपाठी निराला, किशोरीलाल बादल, गजेंद्र सिंह कुशवाह, रविंद्र तिवारी, आशुतोष शर्मा नंदू , मुकेश शर्मा द्वारा काव्य रचना की प्रस्तुति की गई। नव वर्ष के अवसर पर कवियों ने बांधा समां , कार्यक्रम में कविओं ने श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। कवि सुनील त्रिपाठी निराला ने राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कविताएं प्रस्तुत की, हास्य कवि रविंद्र तिवारी ने अपनी हास्य कविताओं से सभी को हंसा-हंसा कर लोटपोट कर दिया, युवा कवि आशुतोष शर्मा नंदू ने भी अपनी काव्यरचना से समा बांध दिया । इस अवसर पर प्रदेश



कार्यसमिति सदस्य अतुल रमेश पाठक ने कहा कि कवि सम्मेलन का प्रमुख उद्देश्य राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ भारत माता की जय के साथ देश प्रेम व राष्ट्र भक्ति से सराबोर रचनाओं के माध्यम से भारत के सांस्कृतिक,सामाजिक और समरसता के भाव को बढ़ावा देते हुए, हिन्दू संस्कृति और सनातन धर्म का जयघोष करना है. इस वर्ष चैत्र मास में हमारे मित्र मंडल द्वारा वर्ष प्रतिपदा पर कवि सम्मेलन के माध्यम से जन जागरण करते हुए समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य किया गया , जो कि अब हर वर्ष हिंदू नए वर्ष के अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन होता रहेगा। कवि सम्मेलन में भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र नरवरिया, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुनील कांकर, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विक्रांत सिंह, सुनील दुबे,जिला मंत्री राधाकृष्ण शर्मा,उपेंद्र राजोरिया, तरुण कटारे, पिंकी शर्मा, रश्मि खटीक, अर्पित मुद्गल,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विक्रांत सिंह, विष्णु प्रताप सिंह, अतिराज नरवरिया, हृदेश पुरोहित,अमित जैन, सचिन द्विवेदी, सुनील कांकर, देवेश शर्मा ,पंकज त्रिपाठी,राहुल थापक, राघवेंद्र कांकर, प्रतीक पांडे,अजीत शर्मा, प्रशांत सोनी, रवि बाजपाई, रामहेत शर्मा, दिलीप राठौर, सुरेंद्र पचौरी आदि के आलावा पत्रकारबंधु एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# अमायन को नई तहसील की कैबिनेट में स्वीकृति : राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया

**पंकज त्रिपाठी, दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भोपाल/भिण्ड । मध्यप्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उपचुनाव के दौरान चुनावी सभा में उन्होंने अमायन तहसील बनाने की घोषणा

### नगरीय प्रशासन एवं आवास राज्यमंत्री श्री भदौरिया ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को मिठाई खिलाकर जताया आभार

की थी जिसे एक कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक में तहसील बनाने के प्रस्ताव को स्वीकृत कर लिया गया है ताकि क्षेत्र के विकास को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने विधानसभा परिषद में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को मिठाई खिलाकर नई तहसील के लिए आभार प्रकट किया और कहा आजादी के अमृत काल में भाजपा सरकार की विकास की नीति मुख्यमंत्री के स्मरणीय मध्य प्रदेश के लक्ष्य और संकल्पों का साकार रूप यह निर्णय निश्चित तौर पर जनता की सेवा के लिए अमृत साबित होगा। राज्यमंत्री श्री भदौरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अमायन को तहसील बनाने के लिए विभागीय अधिकारियों से लगातार समीक्षा करते रहे यह प्रक्रिया पूर्ण होने पर जिसे एक कैबिनेट बैठक में प्रस्ताव को मंजूरी कर क्षेत्र की जनता के प्रति घोषणा को पूरी करते हुए जनता



की यह मांग पूरी की है काफी लंबे समय से तहसील बनाने के लिए कर रहे थे। उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी की सरकार विकास कार्यों में विश्वास रखती है मैंने भी जनता से वादा किया था कि अमायन को तहसील बनाकर रहेंगे और जनता को किसी भी प्रकार की कठिनाइयां ना हो और उन्हें दूसरे स्थान पर ना जाना पड़े तहसील बनने से सारी समस्याओं का समाधान अमायन में ही किया जाएगा गरीब मजदूर किसान को अब राहत मिलेगी।

उन्होंने कहा कि मेहगांव विधानसभा क्षेत्र में अमायन काफी बड़ा क्षेत्र है इसके लिए लोगों ने संघर्ष किया मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उपचुनाव के दौरान जनता से वादा किया था कि आपने जो मेरे संज्ञान में अमायन को तहसील बनाने के लिए प्रस्ताव दिया है बहुत जल्दी ही इसकी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी । उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चौहान ने कैबिनेट में अपनी स्वीकृति प्रदान कर तहसील बनाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाकर कार्य प्रारंभ किया है । उन्होंने कहां की मुख्यमंत्री की कैबिनेट में प्रस्ताव को सिर्फ स्वीकृति मिलते ही लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला और क्षेत्रीय जनता में खुशी की लहर दौड़ गई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शिक्षा के क्षेत्र में सीएम राइस स्कूल को भी उन्होंने इस क्षेत्र की जनता को समर्पित किया है ताकि बच्चे अच्छी शिक्षा के साथ आगे बढ़ कर अपना नाम रोशन कर सकें। उन्होंने अमायन की जनता को विश्वास दिलाते हुए कहा कि विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी भाजपा सरकार हमेशा आपके साथ विकास की दिशा में खड़ी है और आवश्यकता पड़ने पर भी क्षेत्र के लिए और भी सौगातें लेकर शीघ्र मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अमायन में आकर जनता के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करेंगे। कैबिनेट के जनहितकारी निर्णय से अब स्थानीय जनता को घर के नजदीक ही तहसील से संबंधित कार्यों की सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। विधानसभा में अमायन को तहसील बनाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है। यह नई तहसील मेहगांव से 38 रेवेन्यू हलकों को अलग करके बनाई जायेगी। लम्बे समय से क्षेत्र में इस हेतु मांग की जा रही थी और मैं स्वयं भी इसके लिए प्रयासरत था। इस अनुपमेय सौगात हेतु मैं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान,केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का सम्पूर्ण क्षेत्र की जनता की ओर से सहृदय आभार व्यक्त करता हूँ। यह निर्णय निश्चित ही क्षेत्र की उन्नति और विकास में एक मील का पत्थर सिद्ध होगा।






# 100 करोड़ क्लब में शामिल हुई तू झूठी मैं मक्कार, रणबीर-श्रद्धा की फिल्म ने 11वें दिन की ताबड़तोड़ कमाई

रणबीर कपूर लव रंजन के निर्देशन में तू झूठी मैं मक्कार के जरिये एक बार फिर अपने लोकप्रिय जॉनर में लौटे और उनका यह लौटना उनके लिए और निर्माता-निर्देशक के लिए फायदे का सौदा साबित हुआ। आधुनिक प्रेम को परदे पर किस तरह से पेश करने है यह लव रंजन से ज्यादा कोई नहीं जानता और समझता। अपनी पिछली फिल्मों सोनू के टीटू की स्वीटी और प्यार का पंचनामा के बाद उन्होंने बतौर निर्देशक एक और आधुनिक प्रेम कहानी दी जिसमें उन्होंने युवा पीढ़ी को परिवार का महत्त्व बताया और उनके प्रेम को स्थायित्व प्रदान करने का उम्दा तरीका। होली 8 मार्च को प्रदर्शित हुई इस फिल्म ने सिनेमाघरों में अपने प्रदर्शन के 11 दिन पूरे कर लिए हैं। इन 11 दिनों में तू झूठी मैं मक्कार ने बॉक्स ऑफिस पर नेट 103.21 करोड़ का कारोबार करने में सफलता प्राप्त कर ली है। यह इस वर्ष प्रदर्शित हुई फिल्मों में पठान के बाद दूसरी ऐसी हिन्दी फिल्म है जिसने 100 करोड़ के कारोबार को करने में सफलता प्राप्त की है।रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर की फिल्म तू झूठी और मैं मक्कार बॉक्स ऑफिस पर आते ही छा गई। होली के मौके पर रिलीज हुई इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धुंआ उड़ा रखा है। दर्शकों को श्रद्धा और रणबीर की यह नई नवेली जोड़ी काफी पसंद आ रही है। इसके अलावा, फिल्म में हर कलाकार ने गजब की एक्टिंग भी की, जिस वजह से फिल्म में चार चांद लग गए हैं और इन सब चीजों का फायदा फिल्म की कमाई में हो रहा है। यह फिल्म रोजाना अच्छी खासी कमाई कर रही है। इसी बीच, शनिवार यानी 11वें दिन का शुरुआती कलेक्शन भी सामने आ गया है, जिसमें यह फिल्म 100 करोड़ के क्लब में शामिल हो गई है।शुक्रवार यानी 10वें दिन इस




फिल्म की कमाई 3.7 करोड़ रुपये की हुई थी, जिसे ठीक-ठाक माना जा रहा था लेकिन शनिवार को फिल्म की कमाई डबल हो गई। यानी फिल्म को वीकेंड का फायदा मिलना शुरू हो गया है। शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक, इस फिल्म ने 11वें दिन 7 करोड़ का शानदार कलेक्शन किया है, जिसके साथ ही इस फिल्म की कुल कमाई लगभग 103.21 रुपये हो गई है। वहीं, दूसरी ओर यह फिल्म रविवार को बॉक्स ऑफिस पर लगभग 10 करोड़ का कारोबार करने में सफल होगी ऐसी उम्मीद की जा रही है। इस उम्मीद का कारण यह है कि इस सप्ताह प्रदर्शित हुई 4 फिल्मों में से सिर्फ मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे को लेकर दर्शक संजीदा नजर आ रहा है, जिसके चलते तू झूठी मैं मक्कार को फायदा मिलना तय है।गौरतलब है तू झूठी और मैं मक्कार एक लव स्टोरी है, जिसमें डायरेक्टर लव रंजन ने नए जमाने का टच लगाया है। फिल्म में रणबीर और श्रद्धा की जोड़ी है, जो शानदार लगी। फैंस को दोनों की केमिस्ट्री काफी पसंद आई है। साथ ही कॉमेडियन अनुभव बस्सी भी है, जिन्हें भी लोगों ने पसंद किया है। 100 करोड़ की लागत से बनी इस फिल्म ने अपनी लागत निकालने में सफलता प्राप्त कर ली है और यह पूरी तरह लाभांश में पहुँच चुकी है। तू झूठी मैं मक्कार के बाद अब रणबीर कपूर दर्शकों के सामने 11 अगस्त को एनिमल में नजर आएंगे। एनिमल का निर्देशन संदीप रेड्डी वांगा कर रहे हैं, जो इससे पहले दर्शकों को कबीर सिंह और अर्जुन रेड्डी सरीखी इंटेंनस लव स्टोरी दे चुके हैं। दर्शकों के साथ-साथ बॉक्स ऑफिस को भी यह उम्मीद है कि रणबीर कपूर की एनिमल बॉक्स ऑफिस पर नए रिकॉर्ड बना सकती है, ऐसे में अब रणबीर कपूर की नजर अपनी इस फिल्म है, जिसे वे इन दिनों पूरा करने में जुटे हुए हैं।




**भोला की एडवांस बुकिंग शुरू,**

## अजय देवगन और तब्बू ने पोस्ट साझा कर दी जानकारी

अजय देवगन भोला के साथ एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जिसे दर्शकों की ओर से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली हैं। भोला 2019 की तमिल फिल्म कैथी की रीमेक है, जिसमें कार्थी मुख्य भूमिका में नजर आए थे। यह फिल्म दक्षिण में बड़ी हिट साबित हुई थी। देवगन की भोला का प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे थे और अब इसकी एडवांस बुकिंग भी शुरू हो चुकी है। देवगन ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो साझा कर एडवांस बुकिंग शुरू होने की जानकारी दी है, जिसमें उनके साथ तब्बू भी नजर आ रही हैं। उन्होंने बताया कि भोला के लिए आईमैक्स 3डी और 4डीएक्स 3डी में एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। वीडियो में देवगन और तब्बू ने दर्शकों से भोला की दुनिया में खुद को ले जाने की बात कही है। बता दें कि फिल्म 30 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। कैथी की हिंदी रीमेक भोला को उत्तर प्रदेश की पृष्ठभूमि में बनाया गया है। देवगन ने भोला में अभिनय के साथ इसके निर्देशन की कमान भी संभाली हैं और यह अजय देवगन फिल्म्स के बैनर तले बनी है। फिल्म में देवगन के अलावा संजय मिश्रा, गजराज राव, मकरंद देशपांडे, किरण कुमार और दीपक डोबरियाल मुख्य भूमिका में हैं। बता दें कि इस फिल्म से पहले देवगन यू मी और हम, शिवाय और रनवे 34 का भी निर्देशन कर चुके हैं। नए गाने का टीजर हुआ जारीआज ही भोला के नए गाने पान दुकनिया का टीजर भी देवगन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर जारी किया है, जो कल रिलीज होने वाला है। इसमें दीपक एक लड़की के साथ डांस करते हुए नजर आ रहे हैं। भोला के बाद देवगन मैदान में नजर आएंगे, जिसकी कहानी 1952%962 के बीच भारतीय फुटबॉल के स्वर्णिम युग पर आधारित होगी। इसमें वह फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम का किरदार निभाएंगे, जिन्होंने 1962 में देश को गोल्ड मेडल दिलाया था। इसके अलावा वह रेड 2 की शूटिंग जल्द शुरू करने वाले हैं, वहीं सिंघम अगेन के लिए अभिनेता ने एक बार फिर निर्देशक रोहित शेट्टी के साथ हाथ मिलाया है।



## असल जिंदगी में बेहद बोल्ड है सिमरत कौर

बॉलीवुड एक्टर सनी देओल और अमीषा पटेल एक बार फिर गदर 2 के जरिए सिनेमाघरों में धमाल मचाते नजर आने वाले है। अनिल शर्मा के निर्देशन में बन रही इस फिल्म की शूटिंग अभी चल रही और यह इसी साल 11 अगस्त को रिलीज होगी। गदर 2 का प्लॉट तारा के बेटे चरणजीत की लवस्टोरी पर आधारित होगी। गदर 2 में कई नए किरदार भी जुड़े हैं, जिनमें से एक हैं सिमरत कौर। इस फिल्म में एक्ट्रेस सिमरत कौर तारा सिंह की बहू का किरदार निभाती नजर आएंगी। बता दें कि फिल्म गदर 2 में सिमरत कौर जीते यानी उत्कर्ष शर्मा की पत्नी का किरदार निभाएंगी।आपको बता दे, सिमरत कौर का जन्म 16 जुलाई 1997 में मुंबई में हुआ था। वह एक पंजाबी परिवार से संबंधी रखती हैं। सिमरत कौर कई पंजाबी म्यूजिक एल्बम्स में नजर आ चुकी हैं। सिमरत बुर्ज खलीफा और लारा लप्पा जैसे पंजाबी गानों में नजर आ चुकी हैं।बता दें कि सिमरत कौर ने साल 2017 में तेलुगु फिल्म प्रेमाथो मी से एक्टिंग की दुनिया में अपना पहला कदम रखा था। एक्ट्रेस सिमरत कौर नागार्जुन की फिल्म बंगराजू में कैमियो करती हुई नजर आई थीं। इसके अलावा सिमरत साउथ की कई फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। बता दें कि सिमरत कौर मीका सिंह के गाने तेरे बिन जिंदगी में भी नजर आ चुकी हैं। यह रोमांटिक गाना यूट्यूब पर काफी फेमस हुआ था। सिमरत कौर असल जिंदगी में बेहद ही बोल्ड हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। इंस्टा पर सिमरत को 789 के से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं। सिमरत की हर एक तस्वीर पर हजारों की संख्या में लाइक्स आते हैं। सिमरत के इन फोटोज पर लोग खूब कमेंट कर रहे हैं। बता दें कि एक्ट्रेस सिमरत कौर फिल्म गदर 2 में लीड किरदार निभाती नजर आएंगी। रिपोर्ट्स की मानें तो इस बार सनी देओल अपने बेटे के प्यार को लेने के लिए पाकिस्तान जाएंगे।

## संजय ने पूरी की अपनी नई फिल्म शूटिंग



संजय दत्त ने अपनी साउथ की आने वाली मूवी की शूटिंग पूरी कर ली है। मूवी की शूटिंग चल रही है और इसके कश्मीर शेड्यूल की शूटिंग हाल ही में पूरी कर चुकी है। शूटिंग खत्म होने के उपरांत संजय दत्त ने कश्मीर के एश्मुकाम दरगाह में शिरकत की और माथा टेका। अभिनेता को अपनी मूवीज में उनकी पर्सनालिटी के हिसाब से रोल्स भी मिल रहे है। अभिनेता अब साउथ की बड़ी मूवी लियो' का हिस्सा हैं और इसकी शूटिंग के सिलसिले में वे कश्मीर गए हुए हैं। उन्होंने फिल्म की शूटिंग के बाद एश्मुकाम श्राइन पहुंचे और हजरत जैनुद्दीन वाली की दरगाह में शिरकत की।खबरों का कहना है कि ये वहीं जगह है जहां पर बजरंगी भाईजान मूवी की शूटिंग के बीच सलमान खान भी पहुंचे थे और इस बीच की उनकी फोटोज खूब वायरल हुई थीं। मूवी के प्रोडक्शन हाउस ने सोशल मीडिया पर इस दौरान की फोटोज शेयर की हैं और संजू बाबा के नाम इमोशनल नोट भी लिख दिया है।मूवी लियो' की बात करें तो जिसमे थलापती विजय लीड रोल में हैं। मूवी अब तक तो काफी प्रॉमिसिंग लग रही है। ये एक मल्टीस्टारर फिल्म है। मूवी की कास्ट की बात करें तो जिसमे विजय और संजय दत्त के साथ गौतम वासुदेव मेनन, मनसूर अली खान, मसकिन, मेथ्यू थॉमस और अर्जुन सारजा दिखाई देने वाले है। फिल्म 19 अक्टूबर, 2023 को रिलीज होने वाली है।

## नंदिता दास ने ज्विगाटो के जरिए गंभीर मुद्दे पर लोगों का खींचा ध्यान





चार्ली चैपलिन को मॉडर्न टाइम्स रिलीज हुए 87 साल हो चुके हैं। फिल्म कारखाने के कर्मचारी की कहानी और आधुनिक, औद्योगिक दुनिया में डिप्रेशन के मुकाबले जीवित रहने के संघर्ष की कहानी बताती है। लगता है कुछ भी नहीं बदला है, बल्कि केवल मजदूरों के शोषण के साधन बदले हैं।फिल्ममेकर-एक्ट्रेस नंदिता दास की नई फिल्म ज्विगाटो एक गिग वर्कर की मानवीय कहानी बताती है, जो टाइटैनिक फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म के साथ काम करती है। नंदिता ने बताया कि बढ़ती बेरोजगारी और गिग वर्क की जटिलता के बारे में अपने प्रकाशक दोस्त समीर पाटिल के साथ चर्चा के दौरान फिल्म का विचार आया।फिल्म निर्माता ने कहा- फिर हमने एक डिलीवरी राइडर के जीवन में एक दिन के बारे में एक शॉर्ट फिल्म लिखना शुरू किया। फिर अप्लॉज एंटरटेनमेंट के सीईओ समीर (नायर) ने मुझे एक फीचर फिल्म के लिए इसका विस्तार करने के लिए प्रेरित किया। मैंने इसकी गहराई से जाना शुरू किया, मैं मानवीय पहलुओं और श्रमिकों के जीवन के प्रति आकर्षित होती चली गई।गिग इकॉनमी 21वीं सदी से काम कर रही है, क्योंकि विभिन्न प्रकार की फीलांस नौकरियां उभरी हैं, हाल ही में, यह महामारी के साथ हाई-स्पीड इंटरनेट के आगमन के साथ मुख्यधारा में आ गई है। जोमैटो, स्विगी और डंजो जैसी सेवाओं ने न सिर्फ लोगों को राहत पहुंचाई है बल्कि भारत की जीडीपी को भी मजबूत किया है।हर दिन, अनगिनत डिलीवरी पार्टनर और कैब ड्राइवर भारतीय शहरों की सड़कों पर लोगों को खाना खिलाने या उनके सामान की डिलीवरी और ट्रांज़िट में मदद करने के लिए सांप पकड़ते हैं। मौसम कैसा भी हो, खराब मौसम हो, ट्रैफिक जाम हो, त्योहार हो, भारत की गिग इकॉनमी की मशीनरी बिना रुके चलती रहती है।नंदिता ने कहा- गिग इकॉनमी के उदय के साथ, आदमी और मशीन के बीच का संघर्ष जिसे चैपलिन ने मॉडर्न टाइम्स में दर्शाया था, अब आदमी और एल्गोरिदम के बीच एक में स्थानांतरित हो गया है। ज्विगाटो जीवन की निरंतरता के बारे में एक कहानी है।महामारी के दौरान, हम उपभोक्ता, अपनी सुविधा के लिए, गिग श्रमिकों पर अधिक से अधिक निर्भर हो गए और उनके संघर्ष के बारे में कम से कम जागरूक हो गए। हम सभी ने कोविड%9 के दौरान ऑर्डर किया है और शायद ही कभी हमने उन्हें धन्यवाद दिया या उन्हें रेटिंग दी हो।टीम ने फिल्म के रिसर्च में दो साल का निवेश किया। जितना अधिक दिमाग डेटा एकत्रित करता है, आउटपुट उतना ही बेहतर होता है।नंदिता ने कहा- फिल्म शुरू करने से पहले, मैं प्रोत्साहन और एल्गोरिदम की दुनिया को उतना ही समझती थी जितना कि मेरे नायक ने किया था! जैसे-जैसे मैं गहराई में जाती गई, मुझे गिग इकॉनमी के बारे में जो कुछ पता चलता गया, उससे मैं और अधिक परेशान होती गयी।

# हंटर-टूटेगा नहीं तोड़ेगा' में मेरे किरदार से खुद को जोड़ पाएगी हर लड़की : ईशा देओल

बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा देओल ने वेब सीरीज हंटर-टूटेगा नहीं तोड़ेगा' में स्वतंत्र पत्रकार की भूमिका निभाने के बारे में बात करते हुए कहा कि हर लड़की उनसे खुद को जोड़ पाएगी, उन्होंने कहा कि उन्हें अपनी भूमिका के लिए स्टंट करने में मजा आया। उन्होंने कहा- मेरा किरदार दिव्या ऐसा है जिसे हर लड़की प्यार करेगी। वह आत्मविश्वासी, स्मार्ट, मजाकिया है और उसके पास कुछ जबरदस्त एक्शन मूव्स हैं, मेरा मतलब है कि मेरे द्वारा शूट किए गए एक्शन सीक्वेंस ने मुझे एड्रेनालाईन रश दिया और यह एक शानदार संतोषजनक अनुभव था।ईशा ने अपने करियर की शुरूआत 2002 में आफताब शिवदासानी के साथ फिल्म कोई मेरे दिल से पूछे' से की थी। बाद में, उन्होंने कुछ तो है', चुरा लिया है तुमने', युवा' में भी अभिनय किया और मल्टीस्टारर फिल्म धूम' का हिस्सा रहीं, जिसके बाद दस', नो एंट्री' जैसी अन्य फिल्मों में काम किया।मनोवैज्ञानिक अपराध थ्रिलर सीरीज रुद्र- द एज ऑफ डार्कनेस' का हिस्सा बनने के बाद, अभिनेत्री बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी अभिनीत आगामी वेब सीरीज हंटर' में दिखाई देंगी। ईशा ने वेब सीरीज से जुडने की खुशी साझा करते हुए कहा, मैं हंटर- टूटेगा नहीं तोड़ेगा' के लिए बहुत उत्साहित हूं, यह एक्शन से भरपूर रोलर-कोस्टर राइड है, जो






इमोशन और ड्रामा से भरपूर है..यह काफी मैसी है और किरदार बहुत पेचीदा हैं। सुनील शेट्टी, ईशा देओल, राहुल देव और बरखा बिष्ट अभिनीत हंटर टूटेगा नहीं, तोड़ेगा' का प्रीमियर 22 मार्च को अमेजन मिनी टीवी पर होगा।

# पत्रकारों की मांगों पर सरकार ने नहीं लिया एक्शन तो पत्रकार मुख्यमंत्री के नाम क्षेत्रीय विधायक को देंगे ज्ञापन





**पुष्पांजली टुडे**

भोपालः प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ के द्वारा 21 मार्च 2023 मंगलवार के दिन भोपाल के मानस भवन पॉलिटेक्निक कॉलेज के सामने पत्रकार महापंचायत का आयोजन किया गया,प्रेस मिडिया पत्रकार कल्याण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र सिंह पवैया की अगुवाई में यह पत्रकार महापंचायत आयोजन किया गया अध्यक्ष रविंद्र पवैया के द्वारा मंच से पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया गया कि हमारा प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ भारत के अनेकों प्रदेश एवं मध्य प्रदेश की सभी जिलों में पत्रकारों के हितों की लड़ाई लड़ रहा कहने को बड़े.बड़े मठाधीश कहते हैं कि पत्रकार देश का चौथा स्तंभ है मगर देखने को मिल रहा है कि आज के समय में पत्रकार की बहुत दुर्दशा हो रही है।

**बना रहता है जान का खतरा**-श्री पवैया ने मंच से संबोधित करते हुए बताया की कुछ तथाकथित मठाधीश अपने आप को पत्रकारों का माई बाप कहते हैं और पत्रकारों के हित में कोई कार्य नहीं करते अपितु पत्रकार वर्ग में कुछ व्यक्ति विशेष चाटुकार वर्ग को ही लाभ दिलाते हैं, जिसमें साधारण आम और वरिष्ठ जो वास्तविकता में पत्रकार है उन्हें पत्रकारिता और शासन प्रशासन का सहयोग एवं लाभ नहीं मिलता, इसके अलावा श्री पवैया ने भाजपा शिवराज सिंह चौहान सरकार में पत्रकारों की दुर्दशा को देखते हुए मौजूदा सरकार को भी आड़े हाथ लेते हुए पत्रकार सुरक्षा कानून एवं अन्य पांच सूत्री मांगों को जल्द से जल्द पूरी करने की बात मंच से रखी। और बताया कि वास्तविकता में जो पत्रकार वर्ग परेशान हैं समाज सेवा चौथे स्तंभ की महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने के बाद भी वह लगातार उपेक्षा का शिकार हो रहा है जिसको लेकर आगाज भरी जा रही है।



जल्द ही आवश्यक कदम प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ एकजुट होकर उठाएगा।

**इन मांगो को लेकर संपन्न महापंचायत**-प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पवैया ने मंच से संबोधित करते हुए बताया की समाज की सेवा में बतौर पत्रकार अपना सर्वस्व न्यौक्षावर करने वाले पत्रकारों की स्थिति दिन प्रतिदिन बिगडती जा रही है ऐसे में वरिष्ठ पत्रकार जिनकी आयु साठ वर्ष से अधिक है उन्हें दस हजार रूपये से अधिक मासिक भत्ता दिया जाये इसके अलावा पत्रकारों को घर निर्माण के लिये रियायती दरपर पचीस लाख का लोन उपलब्ध कराया जाये एवं पत्रकारिता करते समय निधन हुये पत्रकारों के परिवार को आर्थिक सहायत एवं आश्रित को शासकीय नौकरी दी जाये साथ ही अधिमान्य पत्रकारों को दी जाने वाली सेवाये पूर्व की भाति बहाल हो। अस्पतालों में पत्रकार वार्ड की व्यवस्था हो व स्थानीय पत्रकारों को स्थानीय स्तर पर टोल शुल्क से मुक्त किया जाये। एवं प्रमुख मांग पत्रकारों के विरूद्ध बिना उच्चस्तरीय जांच किये अपराधिक मामला पंजीबद्ध करने वाले अधिकारी पर निलम्बन की कार्यवाही की जाये।

**ऐसा रहा कार्यक्रम का आयोजन**-पत्रकार जगत के इतिहास में महापंचायत कर राहत आयोजन मध्य प्रदेश की राजधानी में पहली बार किया गया जिसमें मध्य प्रदेश के 52 जिलों सहित अन्य 12 राज्यों से वरिष्ठ पत्रकारों ने कार्यक्रम में शिरकत की, पूजा वंदन के उपरांत कार्यक्रम प्रारंभ हुआ आए हुए विशिष्ट अतिथि डॉ उमेश तिवारी का फूल माला एवं गर्मजोशी के साथ मंच में स्वागत किया गया। पत्रकार हित में वरिष्ठ पत्रकारों के उद्बोधन के उपरांत प्रमुख मांगों पर श्री पवैया द्वारा प्रकाश डाला गया, तदुपरांत भोजन व विशिष्ट अतिथि डॉ उमेश तिवारी के वक्तव्य के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ तो कार्यक्रम में दूरदराज से शिरकत करने, पत्रकार हित की इस लड़ाई में भागीदार बनने पहुंचे पत्रकारों का मंच से राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा आभार प्रकट किया गया।

**सीएम के सामने रखूंगा मांगे : डा उमेश**-बतौर विशिष्ट अतिथि भाजपा के कद्दावर नेता एवं प्रवक्ता डॉ उमेश तिवारी ने कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि निश्चित तौर पर स्वस्थ लोकतंत्र में पत्रकार की भूमिका महत्वपूर्ण होती है ऐसे में पत्रकारों के हितार्थ जो भी मांगे हैं जिन मांगों को लेकर महापंचायत का आयोजन किया गया है जैसे भवन निर्माण हेतु रियायती दर पर लोन एवं अन्य मांगों को मैं स्वयं प्रदेश के मुखिया सीएम शिवराज सिंह के सामने रखूंगा और हर संभव प्रयास यह रहेगा कि आगामी चुनाव से पूर्व पत्रकारों की प्रमुख मांगों को पूर्ण किया जाए। साथ ही श्री तिवारी ने अपना व्यक्तिगत नंबर साझा करते हुए पत्रकारों से इस बात की अपील की कि मंत्रालय सहित विभिन्न विभागों में यदि पत्रकारों को कहीं पर उनकी जरूरत महसूस होती है तो वह निसंकोच हर संभव मदद प्रदान करेंगे।

## टीम इंडिया के अर्शदीप सिंह ने ले लिया अब बड़ा फैसला

### दूसरे देश में खेलते आएगा नजर



**नईदिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अभी तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जा रही है और दोनों टीमें इस सीरीज में 1-1 से बराबरी पर है। ऐसे में अगला मैच दोनों टीमों के लिए ही महत्वपूर्ण रहने वाला है। लेकिन इस बीच ही टीम के एक खिलाड़ी ने बड़ा फैसला लिया है। टीम इंडिया का घातक तेज गेंदबाज वैसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस सीरीज में अपनी जगह नहीं बना सका लेकिन ये खिलाड़ी अब दूसरे देश में खेलता हुआ नजर आएगा। जी हां हम बात कर रहे है तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के बारे में। जो अब इंग्लैंड के आगामी काउंटी सीजन में केंट की टीम के लिए काउंटी चैंपियनशिप के पांच मुकाबले खेलेंगे। ये खिलाड़ी पिछले साल एशिया कप और टी20 वर्ल्ड कप जैसे बड़े टूर्नामेंट्स में टीम इंडिया का हिस्सा था। ऐसे में बताया जा रहा है की भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ की सलाह पर बाएं हाथ के इस गेंदबाज ने ये फैसला किया है।

### कार्लोस अल्कारेज फिर वर्ल्ड नंबर- 1

## इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में डेनियल मेदवेदेव को हराया



स्पेन के 19 वर्षीय टेनिस स्टार कार्लोस अल्कारेज ने अपना पहला इंडियन वेल्स खिताब जीतने के बाद 22 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नोवाक जोकोविच को पछाड़कर ,ञक्क रैंकिंग में वर्ल्ड नंबर 1 का स्थान हासिल कर लिया है। अल्कारेज ने रविवार देर रात अमेरिका के इंडियन वेल्स में हुए मुकाबले के फाइनल में रूसी स्टार डेनियल मेदवेदेव की 19 मैचों की जीत के सिलसिले को खत्म कर 6-3, 6-2 से विजय हासिल की। अल्कारेज ने हाल ही में हुए ऑस्ट्रेलियन ओपन में हिस्सा नहीं लिया था। उन्हें हैमस्ट्रिंग में चोट आई थी। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में जीतने के बाद जोकोविच आगे निकल गए थे। हालांकि, इंडियन वेल्स ने अल्कारेज को वर्ल्ड नंबर 1 पर लौटने का मौका दिया और उन्होंने फाइनल में मेदवेदेव को हरा दिया। 19 वर्षीय अल्कारेज ने पिछले साल ऱ ओपन जीतने के बाद पहली बार नंबर 1 रैंकिंग हासिल की थी। इस बार अल्कारेज ने अपना तीसरा मास्टर्स 1000 खिताब जीता है और वे अपने देश के टेनिस लीजेंड राफेल नडाल के रिकॉर्ड के करीब हैं। नडाल के नाम 20 साल के होने से पहले 6 मास्टर्स 1000 खिताब जीतने का रिकॉर्ड है। बराबरी करने के लिए अल्कारेज को 3 और खिताब जीतने की जरूरत है। हालांकि, 20 की उम्र के पहले कम से कम तीन मास्टर्स 1000 जीतने वाले अल्कारेज नडाल के अलावा अकेले खिलाड़ी हैं। फाइनल जीतने के बाद अल्कारेज ने कहा - मुझे लगता है कि मेरे टेनिस में पिछले साल के मुकाबले इस समय कुछ ज्यादा सुधार नहीं हुआ है। मैंने अब प्रेशर में नहीं खेलता हूं और गेम को एन्जॉय करता हूं।अल्कारेज ने आगे कहा - ट्रॉफी जीतने और फिर से वर्ल्ड नंबर 1 बन कर खुशी हो रही है। मेरे लिए यह टूर्नामेंट परफेक्ट रहा है। सर्बिया के टॉप टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच अमेरिका में होने वाले इंडियन वेल्स में हिस्सा नहीं ले पाए। दरअसल, जोकोविच ने कोरोना वैक्सीन का टीका नहीं लगवाया था, जिस वजह से उन्हें अमेरिका में एंट्री नहीं मिली। अब जोकोविच मियामी ओपन में भी हिस्सा नहीं ले पाएंगे। अमेरिकी नीतियों के मुताबिक बिना कोरोना वैक्सीन लगवाए व्यक्ति को ऱ में एंट्री नहीं दी जाती है। जोकोविच ने अमेरिकी अधिकारियों से स्पेशल प्रवेश देने के लिए अनुरोध किया था, लेकिन उनके अनुरोध को अस्वीकार कर दिया गया। मियामी ओपन 21 मार्च से 2 अप्रैल तक होना है। भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियन जोड़ीदार मैट एब्डन इंडियन वेल्स चैम्पियन बने। 43 साल के बोपन्ना ,ञक्क मास्टर्स 1000 टाइटल जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने। बोपन्ना ने कनाडा के डेनियल नेस्टर का रिकॉर्ड तोड़ा। नेस्टर ने 2015 में 42 साल की उम्र में सिनसिनाटी मास्टर्स जीता था।

## मुझे बाहर करने का गुजरात टाइंटस ने जो कारण दिया

**नयी दिल्ली।** वेस्टइंडीज की डिएंड्रा डोटिन ने महिला प्रीमियर लीग से बाहर रहने पर निराशा जताते हुए कहा कि इसके लिये गुजरात जाइंट्स ने जो कारण बताया, वह हैरान करने वाला है। वेस्टइंडीज की 31 वर्ष की हरफनमौला डोटिन को अडानी समूह की टीम ने 60 लाख रूपये में खरीदा था लेकिन टूर्नामेंट शुरू होने से पहले उन्हें चिकित्सा कारणों से बाहर कर दिया गया। जाइंट्स ने कहा डोटिन निर्धारित समय सीमा तक चिकित्सा मंजूरी नहीं ले सकी जिसकी वजह से उनकी जगह आस्ट्रेलिया की किम गार्थ को शामिल किया गया। डोटिन ने हालांकि ट्विटर पर कहा, मैं पहली महिला प्रीमियर लीग से मेरे बाहर होने को लेकर लग रही अटकलों पर संक्षिप्त बयान देना चाहती हूं। मैं इस सबसे बहुत निराश हूं। मेरे बाहर होने का जो कारण बताया, वह हैरान करने वाला है। उन्होंने कहा , अडानी समूह की गुजरात जाइंट्स टीम ने लीग की नीलामी में मुझे खरीदा था। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले फ्रेंचाइजी ने दावा किया कि मुझे चिकित्सा कारणों से बाहर रखा गया है। इसके बाद कहा गया कि मैं चिकित्सा मंजूरी नहीं ले सकी जबकि 20 फरवरी को ही मुझे वह मिल गई थी। वेस्टइंडीज के लिये 143 वनडे और 127 टी20 खेल चुकी डोटिन ने कहा कि वह टीम प्रबंधन के फैसले से हैरान है। उन्होंने कहा , मैं स्पष्ट करना चाहती हूं कि मेरे पेट में हलका दर्द था और सूजन हो गई थी। मैने दिसंबर 2022 में इलाज कराया। इसके बाद विशेषज्ञों को दिसंबर और जनवरी में दिखाया।

## स्टीव स्मिथ ने पकड़ा फ्लाइंग कैचःटी-20 किंग सूर्यकुमार का लगातार दूसरा गोल्डन डक, स्टार्क के आगे बेबस इंडियन बैटर्स

**विशाखापट्टनम।** ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे वनडे में भारत को 10 विकेट से हरा दिया। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया 26 ओवर में 117 रन ही बना सकी। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 11वें ओवर में ही टारगेट हासिल कर लिया। ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क ने 5 विकेट लिए, इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिया गया। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव स्मिथ ने फ्लाइंग कैच पकड़ा। मैच के बेस्ट बॉलर स्टार्क को अक्षर पटेल ने लगातार 2 छक्के लगाए। वहीं मिचेल मार्श और ट्रेविस हेड ने विस्फोटक बैटिंग कर 118 रन का टारगेट महज 66 बॉल में चेज कर टीम इंडिया को गेंद बाकी रहते सबसे बड़ी हार दी। पहले वनडे में 3 विकेट लेकर भारतीय बैटर्स को परेशान करने वाले मिचेल स्टार्क ने दूसरे मैच में धारदार गेंदबाजी की। पहले ही ओवर में ओपनर शुभमन गिल को शून्य पर पवेलियन भेजने के बाद उन्होंने पांचवें ओवर में कप्तान रोहित शर्मा को भी स्लिप में कैच आउट कराया। पांचवें ही ओवर में उन्होंने सूर्यकुमार यादव को ख्क्क्ष्ठ आउट किया। पावरप्ले के नौवें ही ओवर में उन्होंने केएल राहुल को भी 9 रन के निजी स्कोर पर पवेलियन भेज दिया। इस वक्त भारत का स्कोर 8.4 ओवर में 48 रन पर 4 विकेट हो गया था।

## न्यूजीलैंड ने श्रीलंका पर किया क्लीन स्वीप : पारी और 58 रन से जीता दूसरा मैच

### सीरीज 2-0 से अपने नाम की

न्यूजीलैंड ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच में श्रीलंका को पारी और 58 रन से हरा दिया। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली। फॉलोऑन खेलते हुए श्रीलंका ने चौथे दिन दूसरी पारी में 113/2 के आगे खेलना शुरू किया और टीम 358 रन पर ऑलआउट हो गई। हेनरी निकोल्स को प्लेयर्स ऑफ द मैच और केन विलियमसन को प्लेयर्स ऑफ द सीरीज चुना गया। श्रीलंका के लिए दूसरी पारी की भी शुरुआत खराब रही थी। श्रीलंका पहले ही 2 विकेट खो चुका था। चौथे दिन की शुरुआत एंजेलो मैथ्यूज और कुशल मेंडिस ने की। श्रीलंका के लिए दूसरी पारी में धनंजय डी सिल्वा (98), दिनेश चांडीमल (62) और कुशल मेंडिस (50) ने अर्धशतकीय पारी खेली। बॉलिंग में टिम साउदी और ब्लेयर टिकनर को 3-3 विकेट मिले। वहीं, माइकल ब्रेसवेल को 2, डग ब्रेसवेल और मैट हेनरी को 1-1 विकेट मिला। न्यूजीलैंड ने दूसरे दिन 4 विकेट खोकर 580 रन के विशाल स्कोर पर अपनी पारी घोषित की थी। श्रीलंका के लिए




पहली पारी की शुरुआत खराब रही थी। श्रीलंका पहले ही 2 विकेट खो चुका था। तीसरें दिन की शुरुआत में कप्तान दासुन करुणारत्ने और प्रभात जयसूर्या ने शुरुआत की। एक छोर पर श्रीलंका के कप्तान डंटे रहे। दूसरी ओर टीम के विकेट गिरते ही चले गए। प्रभात जयसूर्या 4, एंजेलो मैथ्यूज 1, दिनेश चांदीमल 37, धनञ्जय दे सिल्वा 0, निशान मधुशंका 19, कसुन रजिथा 0 और असिथा फर्नांडो 0 पर आउट हुए। कप्तान करुणारत्ने ने पहली पारी में सबसे ज्यादा 89 रन बनाए। बॉलिंग में मैट हेनरी और माइकल ब्रेसवेल को 3-3 विकेट मिले। वहीं, टिम साउदी, डग ब्रेसवेल और ब्लेयर टिकनर को 1-1 विकेट मिला। न्यूजीलैंड की ओर से केन विलियमसन और हेनरी निकोल्स ने दोहरे शतक ठोके और 363 रन की विशाल साझेदारी निभाई। विलियमसन ने 215 और निकोल्स ने नाबाद 200 रन की पारी खेली। विलियमसन का यह 28वां टेस्ट शतक था। विलियमसन ने 296 गेंदों में 23 चौकों और दो छक्कों की मदद से 215 रन बनाए। वहीं निकोल्स ने 240 गेंदों पर नाबाद 200 रन में 15 चौके और चार छक्के लगाए। विलियमसन की ये लगातार तीसरी शतकीय पारी है। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में और उससे पहले इंग्लैंड के खिलाफ भी शतक लगाया था। शनिवार (25 मार्च) को ऑकलैंड में सीरीज का पहला वनडे मैच खेला जाएगा। वहीं, वनडे सीरीज का दूसरा मैच 28 मार्च को खेला जाएगा। यह मैच क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा। इसके अलावा सीरीज का तीसरा और आखिरी मैच 31 मार्च को हैमिल्टन में खेला जाएगा।

## एक नजर...

### शहर की आकांक्षा को नोएडा में मिला राष्ट्र तेजस्विनी सम्मान 2023

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे



ग्वालियर। वो कहते है न कि जब ठान लिया है करने का तो फिर क्यों न मिले मंजिल।दरअसल हम बात कर रहे हैं ग्वालियर शहर की जानी मानी युवा कवियत्री आकांक्षा भटनाकर की।अभी हाल ही में कवियत्री आकांक्षा भटनाकर को मंगलमय इंस्टिट्यूट ग्रेटर नोएडा में संपर्क क्रांति परिवार द्वारा आयोजित राष्टीय शक्ति शिखर सम्मेलन के कार्यक्रम में राष्ट तेजस्विनी सम्मान-2023 से नवाजा गया।जिसमें देश-विदेश से आए महान विभूतियों ने शिरकत की।कार्यक्रम में विशेष रूप से पद्मश्री नलिनी व कमिलिनी जी(कथक नृत्यांगना-बनारस घराना),जयश्री अरोड़ा जी(फिल्म एवं टेलिविजन अभिनेत्री),किरण सेठी जी(देश में लेडी सिंघम नाम से मशहूर)मौजूद रहीं।आपको बता दें कि युवा कवियत्री आकांक्षा भटनाकर एक काफी छोटी उम्र से कविताओ को लिखने व पड़ने में रुचि रखती आई हैं।जिसके चलते उन्हें लगातार इस क्षेत्र में कई बार सम्मानित भी किया जा चुका है।आकांक्षा भटनाकर ने ग्रेटर नोएडा में मिले राष्ट तेजस्विनी सम्मान 2023 के लिए कार्यक्रम आयोजक संस्था व अपने शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया है।

### भाजपा नेता राव साहब गुर्जर ने पूर्व विधायक सिकरवार की माता के निधन पर किया शोक व्यक्त

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे





**ग्वालियर।** युवा भाजपा नेता दबोह भाजपा मंडल महामंत्री राव साहब गुर्जर ने बुधवार को ग्वालियर पहुंचकर पूर्व विधायक श्री गजराज सिंह सिकरवार जी की धर्मपत्नी, महापौर श्रीमती शोभा सतीश सिकरवार जी की सासु मां,विधायक श्री सतीश सिंह सिकरवार जी व पूर्व विधायक श्री सत्यपाल सिंह सिकरवार जी की माताजी के स्वर्गवास पर उनके निजनिवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की व परिवारजनों से भेंट की।

### भिमोडी में प्रारंभ हुआ श्रीमद देवी भागवत महापुराण

रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट



चैत्र नवरात्र के आगमन के साथ ही क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर धार्मिक कार्यक्रम प्रारंभ हो गये है। इसी कड़ी में विकासखण्ड लांजी अंतर्गत ग्राम भिमोडी के ठाकुर देव प्रांगण में श्रीमद देवी भागवत महापुराण दिव्य आयोजन प्रारंभ हुआ है। कथा का आयोजन 22 मार्च से 30 मार्च तक किया जाएगा। जिसमें मूल पाठ प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से 10:30 तक तथा कथा दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक कथावाचक श्री व्यास आचार्य रंजीत दुबे वृंदावन धाम महाराजपुर मंडला मध्यप्रदेश के द्वारा किया जाएगा। सर्वप्रथम 22 मार्च को ग्राम के देवी मंदिर में पूजा अर्चना की गई तदोपरांत ग्राम में डीजे की धून के साथ पुरे गांव में कलश यात्रा निकालकर भ्रमण किया गया। ग्राम के जनप्रतिनिधि पुरूषोत्तम अस्तने एवं समस्त ग्रामवासी भिमोड़ी ने उक्त धार्मिक कार्यक्रम में सहभागिता प्रदान करने एवं उपस्थित होकर लाभ लेने की अपील की है।

### कोटेश्वर ज्ञानपीठ समिति ने मनाया हिंदू नववर्ष

रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट




नववर्ष विक्रमी संवत 2080 का स्वागत एवं आयोजन शहर के विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग तरीकों से किया गया। कहीं मिठाइयां बांटी गई तो कहीं हवन पूजन आयोजित किए गए। नव वर्ष के स्वागत में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने विश्व कल्याण की कामना की। इसी कड़ी में 22 मार्च दिन बुधवार को विद्या भारती सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी एवं कोटेश्वर ज्ञानपीठ समिति लांजी द्वारा हिंदू नव वर्ष पर विद्यालय में मां सरस्वती एवं भारत माता का पूजन अर्चन कर नववर्ष का स्वागत किया गया। सर्वप्रथम मां गायत्री मंदिर में पहुंचकर पूजन अर्चन किया गया तत्पश्चात नगर के ग्रामीण बंधुओं एवं गणमान्य नागरिकों का तिलक वंदन कर एवं मिष्ठान देकर हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2080 की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई। इस हिन्दू नव वर्ष के पावन पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में कोटेश्वर ज्ञानपीठ के अध्यक्ष श्याम लाल पाण्डे, सचिव विजय रामटेककर, समाज सेवी दिनेश रामटेककर, प्राचार्य त्रयंबक भगत, प्रधानाचार्य बोहने जी एवं आचार्य परिवार के सानिध्य में इस पावन पर्व को मनाया गया।

# भव्य सजा वारी स्थित पहाड़ों वाली मां पांडरी पाठ माई का धाम

## बालाघाट जिले के सर्वाधिक 2399 मनोकामना ज्योति कलश की हुई स्थापना

रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे

नगर के सभी देवी मंदिरों में चैत्र नवरात्रि पर्व ब? ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश जलाने के साथ-साथ अन्य आयोजनों, अनुष्ठानों को लेकर सभी देवी मंदिरों में मंदिरों की साफ-सफाई कर नई साज-सज्जा के साथ तैयारीयां की गई है। माता के दरबार में उत्साह के साथ जस, गीत, भजन व संगीत में जगराता अलग-अलग नौ दिनों तक देवी भक्तों के माध्यम से प्रतिदिन मंदिरों में चलेगा। हिंदू नव वर्ष एवं चैत्र नवरात्रि पर्व 22 मार्च से 30 मार्च तक धार्मिक अनुष्ठान होंगे। इसी कड़ी में बालाघाट जिले की लांजी तहसील अंतर्गत ग्राम वारी धाम में स्थित पहाड़ों वाली मां पांडरी पाठ माई के धाम में जिले के सर्वाधिक मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की गई है। मंदिर के संरक्षक रेखलाल कावरे पंडा बाबाजी एवं संरक्षक डाक्टर सुधीर दशरिया ने बताया कि पाढरी पाठ धाम में 2399 मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की गई है। चैत्र नवरात्रि पर्व में पांढरीपाठ धाम में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या दिनोदिन बढ़ने लगी है।? श्रद्धालुओं की भीड़ प्रबंधन के साथ ही मंदिर और यात्रा मार्ग की सजावट और विशेष आयोजनों के साथ पूरा धाम आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। ?मंदिर के चारों ओर जहां भगवा ध्वज और पताकाएं लहरा रहीं हैं वहीं दूसरी ओर मंदिर दरबार को रंग-बिरंगी फुलो की लड़ियों से सजा दिया गया है। भोर से लेकर देर रात तक आने वाले भक्तों की आस्था देखते ही बनती है। नवरात्रि के शुरुआत से ही प्रतिदिन भजन, जस मंडल के अलावा देवी जागरण व विविध धार्मिक कार्यक्रमों के अलावा महाप्रसादी का वितरण होगा। मंदिर के चारों ओर आकर्षक रूप से की गई पुष्प सज्जा के अलावा आने जाने वाले भक्तों के लिए प्रबंधन समिति द्वारा समुचित व्यवस्था काबिले तारीफ है, एवं जगह जगह पेयजल की व्यवस्था की गई है।

**दर्शन कर भक्त होते हैं भाव विभोर**-पांढरी पाठ धाम में आने जाने वालें श्रद्धालु भक्तजन माता रानी के दर्शन कर अपने को धन्य मानते हैं एवं व्यवस्था देखकर




भावविभोर हो जाते हैं बताया जा रहा है कि पहले पहाड़ी पर छोटी सी पीठ थी वह लोग समय-समय पर पूजा पाठ करने आते थे लेकिन दिनों दिन माता रानी की कृपा व भक्तों की श्रद्धा भक्ति से मंदिर परिसर का विस्तार होने लगा हुआ आज पांढरीपाठ के नाम से भव्य स्वरूप नजर आता है। भक्तों की आस्था श्रद्धा व भक्ति का संगम यहां देखने को मिलता है। जिसका परिणाम है कि नवरात्र में रोज हजारों भक्त दर्शन लाभ लेने आ रहे हैं।

**मनौती लेकर आते हैं भक्त**-यहां जिले के नहीं अपितु पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों से आने वाले भक्तगन मनौती लेकर आते हैं मन्नतें पूर्ण होने पर मुंडन, भंडारे व मनोकामना ज्योति कलश रखते हैं। बहरहाल चैत्र नवरात्र पर्व के चलते यहां भारी संख्या में मनोकामना ज्योति कलश रखे गए हैं।

**इन कार्यक्रमों का होगा आयोजन**-पंचमी के दिन 26 मार्च दिन रविवार को विशेष पूजन अर्चन तथा 29 मार्च दिन बुधवार को सुबह 5 बजे से अष्टमी पूजा एवं सुबह 7 बजे से 9 बजे तक हवन पूजन तत्पश्चात शाम 4.30 बजे से सर्वाधिक 2399 मनोकामना ज्योति कलश का विसर्जन किया जाएगा। 30 मार्च की सुबह 7 बजे ढोल सहनाई के साथ जवारा विसर्जन होगा तत्पश्चात महाप्रसादी वितरण की जाएगी। चैत्र नवरात्र पर प्रतिदिन रात्रि में जस तथा देवी जागरण का आयोजन किया जाएगा।

**पार्किंग एवं बोटिंग की है उत्तम व्यवस्था**-माता रानी के दरबार में ग्राम पंचायत वारी के द्वारा वाहनों को सुरक्षित रखने के लिए पार्किंग की व्यवस्था की गई है। मंदिर के नीचे सीढ़ी के समीप बेरीगेट, पार्किंग स्थल के समीप प्याऊ की व्यवस्था, आयोजन स्थल के आसपास खुला स्पेस रखा गया है। ग्राम पंचायत के द्वारा श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानियां ना हो इस हेतु उचित तैयारियां कर ली गई है। वहीं मेले मे रंगबिरंगे खिलौने, मिठाइयां और बच्चों के मनोरंजन के लिए झुले भी लगें हुए हैं। वारी डेम में इस बार बोटींग की भी व्यवस्था है जिसमें नाव पर सवार होकर डेम में घुमकर अपने आप को प्रफुल्लित किया जा सकता हैं।

# दिघोरी में संपन्न हुआ निःशुल्क मोतिया बिंद, स्वास्थ एवं रक्तदान शिविर

रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट

जिले की लांजी तहसील अंतर्गत ग्राम गौरव समिति दिघोरी एवं महावीर इंटरनेशनल लांजी तथा समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से निशुल्क मोतियाबिंद नेत्र ऑपरेशन शिविर, निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर और विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 22 मार्च दिन बुधवार को ग्राम दिघोरी के प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में आयोजित किया गया है। ज्ञात हो कि विगत कई वर्षों से क्षेत्र में सेवा के कार्य आयोजित किए जा रहे है, इस आयोजन मे ग्रामीण समाजसेवीयों का पूर्ण सहयोग प्राप्त है। मोतियाबिंद मरीजों को महावीर इंटरनेशनल संस्था के द्वारा महावीर सेवा के माध्यम से सारी सुविधाओं के साथ ऑपरेशन के लिए प्रस्थान किया जाएगा। शिविर प्रातः 11:00 बजे से 4 बजे तक



संचालित रहा। साथ ही डॉक्टर वेदप्रकाश लिल्हारे एमबीबीएस डीएनबी मधुमेह रोग एवम हृदय रोग विशेषज्ञ के द्वारा हाथ पैर में दर्द शरीर में दर्द बुखार, बार बार बुखार आना, दिल की बीमारी और भी समस्याओं से ग्रसित लोगों के इलाज का उपचार किया गया। वहीं आम जन ने रक्तदान महादान में बढ़चढ़ हिस्सा लेते हुए अपना रक्त दान किया। इस अवसर पर ग्राम गौरव समिति दिघोरी के सभी सदस्यों एवम स्थानिय ग्रामीण जन उपस्थिति रहेंगे तथा महावीर इंटरनेशनल लांजी के सदस्यों के सहयोग से जिसमें वरिष्ठ क्षेत्र के नागरिक, महिला पुरुष सभी की जांच की गई एवं आवश्यकता अनुसार जिन्हें आवश्यक हो उनकी जांच निशुल्क बीपी शुगर एवं आवश्यक दवाइयां उन्हें निशुल्क दी गई और मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर समस्त स्थानिय जन तथा ग्राम गौरव समिति दिघोरी एवम महावीर इंटरनेशनल लांजी के सभी सदस्यों का योगदान रहा।

## जिले में गेहूं उपार्जन के लिए 30 उपार्जन केन्द्र निर्धारित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने रबी विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर औसत अच्छी गुणवत्ता के गेहूँ उपार्जन हेतु जिले में 30 केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। उपार्जन केन्द्रों पर गेहूं का समर्थन मूल्य 2125 प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। उक्त उपार्जन केन्द्रों पर 1 अप्रैल 2023 से 15 मई 2023 गेहूं का उपार्जन किया गया है। गेहूँ उपार्जन हेतु निर्धारित किये गये केन्द्रों में तहसील अटेर अन्तर्गत सेवा सहकारी संस्था अटेर परिसर, सेवा सहकारी संस्था दुल्हागन परिसर, तहसीलदार भिण्ड अन्तर्गत विपणन सहकारी संस्था भिण्ड उपार्जन स्थल वेयर हाउस भिण्ड, सेवा सहकारी संस्था चरथर उपार्जन स्थल सीडब्ल्यूसी वेयर हाउस भिण्ड, सेवा सहकारी संस्था दीखतन का पुरा उपार्जन स्थल शुक्ला वेयर हाउस, सेवा सहकारी संस्था नहारा परिसर, सेवा सहकारी संस्था उमरी परिसर, तहसील मेहगांव अन्तर्गत सेवा सहकारी संस्था मेहगांव उपार्जन स्थल गुरूकृपा वेयर हाउस, सेवा सहकारी संस्था अमायन परिसर, सेवा सहकारी संस्था गाता परिसर, सेवा सहकारी संस्था सिमार परिसर, तहसील गोहद अन्तर्गत विपणन सहकारी संस्था गोहद उपार्जन स्थल एसडब्ल्यूसी वेयर हाउस, सेवा सहकारी संस्था बरोना उपार्जन स्थल सीडब्ल्यूसी मालनपुर, सेवा सहकारी संस्था छीमका उपार्जन स्थल शर्मा स्टेट वेयर हाउस, सेवा सहकारी संस्था ऐनो उपार्जन स्थल एमएम वेयर हाउस, सेवा सहकारी संस्था एण्डोरी परिसर, सेवा सहकारी संस्था सर्वा, नोनेरा उपार्जन स्थल सीडब्ल्यूसी मालनपुर, सेवा सहकारी संस्था चितोरा उपार्जन स्थल मारूतिनंदन वेयर हाउस गोहद, तहसील लहार अन्तर्गत विपणन सहकारी संस्था लहार उपार्जन स्थल कृषि उपज मण्डी गोदाम लहार, सेवा सहकारी संस्था वेशपुरा उपार्जन स्थल कछवाह वेयर हाउस, सेवा सहकारी संस्था बरूआ उपार्जन स्थल संस्था परिसर दबोह, सेवा सहकारी संस्था आलमपुर उपार्जन स्थल कृषि उपज मण्डी आलमपुर, सेवा सहकारी संस्था महुआ उपार्जन स्थल महंत वेयर हाउस, तहसील रौन मिहोना अन्तर्गत सेवा सहकारी संस्था अचलपुरा उपार्जन स्थल बालाजी मंदिर मिहोना, सेवा सहकारी संस्था मूरतपुरा उपार्जन स्थल पचौखरा स्टेडियम, तहसील मौ अन्तर्गत विपणन सहकारी संस्था मौ उपार्जन स्थल मॉ मंशादेवी वेयर हाउस, सेवा सहकारी संस्था छैकुरी उपार्जन स्थल गिर्राज वेयर हाउस, तहसील गोरमी अन्तर्गत सेवा सहकारी संस्था सुनारपुरा एवं कचनावकला उपार्जन स्थल बांके बिहारी वेयर हाउस केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। गेहूं का उपार्जन सप्ताह में पांच दिवस सोमवार से गुरूवार तक प्रातः8 बजे से सायं 8 बजे किया जावेगा। किसान तोल पर्ची सायं 6 बजे तक जारी की जावेगी।

### मनरेगा भुगतान में अनियमितता पाए जाने पर 6 अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने मनरेगा भुगतान में अनियमितता करने वाले 6 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण 27 मार्च 2023 को प्रातः11 बजे कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत करने को कहा है। जिन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है,उनमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भिण्ड श्रीमती सुनीता शर्मा, सहायक लेखा अधिकारी मनरेगा जनपद पंचायत भिण्ड श्रीमती चित्रा शिवहरे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अटेर राजधर पटेल, प्रभारी सहायक लेखा अधिकारी मनरेगा जनपद पंचायत अटेर राजेन्द्र भदौरिया, प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रौन अरूण त्रिपाठी एवं प्रभारी सहायक लेखा अधिकारी मनरेगा जनपद पंचायत रौन दिलीप मूढ़ोतिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न

दैनिक पुष्पांजली टुडे



भिण्ड । केंद्रीय विद्यालय भिण्ड में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता कलेक्टर एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ सतीश कुमार एस के द्वारा की गई। जिसमें विद्यालय प्रबंधन समिति के विभिन्न सदस्यों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस दौरान केंद्रीय विद्यालय प्रिंसिपल, विद्यालय चेयरमैन, जिला शिक्षा अधिकारी, वीएमसी मेंबर्स उपस्थित रहे। बैठक में केंद्रीय विद्यालय प्राचार्य द्वारा विभिन्न विषयों पर विद्यालय संबंधित आगामी कार्य योजनाओं एवं विगत सत्र की कार्य योजनाओं का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। कलेक्टर द्वारा विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ शैक्षणिक गतिविधियों पर चर्चा की गई तथा विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने विद्यालय में शिक्षकों की कमी को यथाशीघ्र दूर करने एवं विद्यालय शिक्षण व्यवस्था में एक नवीन एवं उच्चतर आयाम प्रस्तुत करने के लिए कहा और विद्यालय को यथेष्ट सहयोग करने हेतु भी आश्वासन दिया।

# दुख की इस घड़ी में पीड़ित किसानों का साथ नहीं छोड़ूंगा: विधायक मेवाराम जाटव

## ओलों से बर्बाद हुई फसलों का मुआयना करने गांव गांव पहुंचे विधायक मेवाराम जाटव

दैनिक पुस्पांजली टुडे

**गोहद।** 21 मार्च को गोहद अनुवाद के एंडोरी सर्किल में लगभग एक दर्जन गांव में ओलों से किसानों की फसलें बर्बाद हो गई थी। जिनमें सबसे अधिक नुकसान सरसों, गेहूं एवं चने की फसलों को हुआ है। ओला पीड़ति गांवों मैं फसलों का मुआयना करने बुधवार को विधायक मेवाराम जाटव पहुंचे। उन्होंने इस दौरान कहा कि 21 जनवरी को जब मैं विधानसभा के सदन में मौजूद था तो मुझे मेरे क्षेत्र के लगभग एक दर्जन गांव में ओला गिरने की सूचना मिली। ओला गिरने की सूचना पर मुझे काफी दुख हुआ, उन्होंने कहा कि मैंने कई किसानों से फोन लगाकर बात भी की और मैंने आश्वासन दिया था कि विधानसभा के बाद मैं तत्काल क्षेत्र में आऊंगा। मैं आज पीड़ति किसानों के बीच में आया हूं मैंने ओला पीड़ति गांव जस्तपुरा,



राय की पाली, सुहास, सुनारी का पुरा, एनों, चंदोखर, लोधे की पाली, कनीपुरा, विसवारी आदि लगभग एक दर्जन गांव का दौरा किया है। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में पीड़ति किसानों के में साथ हूं। इस दौरान उन्होंने एसडीएम शुभम शर्मा से ओला पीड़ति सभी गांव का सर्वे के संबंध में बात की, उन्होंने कहा कि जस्तपुरा में 2 दिन बीत जाने के बाद भी आज तक जांच दल नहीं पहुंचा है पीड़ति किसानों की शिकायत पर एसडीएम को तत्काल जांच दल भेजने के निर्देश दिए। इस दौरान विधायक मेवाराम जाटव के साथ संग्राम सिंह तोमर, गणेश सिंह तोमर, मोहन सिंह सिकरवार, सरपंच दिनेश तोमर एनों, सरपंच सोने राम गुर्जर, महाराज सिंह तोमर, मानसिंह तोमर, विनोद सिंह तोमर, किशोर राजावत, रवि तोमर इंद्र सिंह खन्ना, विजय निगम, रामवीर सिंह, रामहेत जाटव, बबलू बरैया, राजेंद्र परिहार, एमएल माहौर, सोहेल खान, अभिषेक सेंगर आदि लोग उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478